

दैनिक क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -68 जबलपुर, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


## तहव्वुर को कैसे घसीट लाया भारत, मोदी के बयान ने हिलाया पाकिस्तान, ट्रंप भी दहाड़े

# मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को लाया गया दिल्ली



नई दिल्ली-(आरएनएस)। 26/11 मुंबई आतंकी हमले का साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा अमेरिका से प्रत्यर्पित होने के बाद एक विशेष विमान से भारत आ गया है। दिल्ली एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही उसे एनआईए द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। अब उसका मेडिकल टेस्ट होगा। एनआईए की टीम तहव्वुर राणा से पूछताछ करेगी। सवालों की एक लंबी फेहरिस्त है। इस पूछताछ को बहुत अहम माना जा रहा है क्योंकि इसमें बड़े खुलासे हो सकते हैं। एनआईए की जब चार्जशीट हुई थी तो उसमें डेविड कॉलमैन हेडली और तहव्वुर राणा दो ऐसे 26/11 हमले के आरोपी थे, जो अमेरिका की जेल में बंद थे। बाकी सात आरोपी पाकिस्तान में अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं। इनमें से कई आईएसआई के मेजर रैंक के अधिकारी का नाम भी सामने आया था।

एक शख्स को इस पूरे ऑपरेशन के दौरान भूला नहीं जा सकता है और वो अजित डोभाल हैं। जिनसे पाकिस्तान थर थर कांपता है। जिनकी वजह से इस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। अजित डोभाल की अगुवाई में लगातार मीटिंग की गई और कैसे प्रत्यर्पण के बाद राणा को भारत लाया जाएगा, क्या क्या रणनीति होगी। कूटनीतिक जो जीत हुई है वो दिलाने में डोभाल का अहम योगदान है। पूछताछ में क्या होगा और पाकिस्तान को कैसे बेनकाब किया जाएगा। अजित डोभाल तमाम रणनीति तय कर रहे हैं और पल पल पर उनकी नजर है। फरवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की थी कि उनके प्रशासन ने 'दुनिया के सबसे बुरे व्यक्ति' राणा को 'भारत में न्याय का सामना करने के लिए' प्रत्यर्पित करने की मंजूरी दे दी है। तहव्वुर राणा पाकिस्तानी सेना में डॉक्टर रह चुका है। इसने अपने बचपन के दोस्त की मदद से मुंबई में हुए आतंकी हमले को अंजाम दिया था। तहव्वुर राणा पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक स्कूल प्रिंसपल के घर पैदा हुआ। तहव्वुर राणा ने मिलिट्री स्कूल में पढ़ाई की तो हथियारों की तालीम उसे वहीं मिल गई। उसके बाद उसने सेना में डॉक्टर की नौकरी की। 1997 में तहव्वुर राणा अपने साथ कनाडा चला गया और चार साल बाद उसे कनाडा की नागरिकता भी मिल गई। इसके बाद तहव्वुर राणा ने अमेरिका में भी अपना काम फैलाया। इसने अमेरिका में एक इमीग्रेशन सेंटर और कसाईखाना खोला। लेकिन ये सब दिखावा था और तहव्वुर राणा का असली काम तो कुछ और ही था। अमेरिका में बिजनेस के नाम पर तहव्वुर राणा क्या कर रहा था ये तो 2009 में पता चला यानी 2008 के मुंबई हमलों के बाद। अमेरिका की सुरक्षा एजेंसियों ने डेनमार्क के एक अखबार पर हमले की प्लानिंग के आरोप में तहव्वुर राणा और उसके दोस्त डेविड हेडली को गिरफ्तार कर लिया। जब पूछताछ हुई तो इसी दौरान पता चला कि मुंबई में हुए आतंकी हमले को डेविड हेडली और तहव्वुर राणा ने करवाया था।

तहव्वुर राणा के मुंह खोलने से पहले ही पाकिस्तान ने उसे कनाडा का नागरिक बता दिया है। पाकिस्तान ने कहा है कि तहव्वुर राणा ने पिछले दो दशकों से अपना पासपोर्ट रिन्यू नहीं करवाया है। इसलिए उससे हमारा कोई लेना देना नहीं है। वो तो कनाडा का नागरिक है। यानी अब तहव्वुर राणा जो कुछ बोलेगा उसका जवाब कनाडा को देना होगा। सातवें पाताल में होंगे, उनको भी मैं छोड़ने वाला नही हूँ...2019 में प्रधानमंत्री पीएम मोदी ने स्पष्ट किया था कि अगर कोई भारत की एकता, अखंडता, सुरक्षा या किसी भी निर्दोष नागरिक पर हमला करेगा, तो भारत उसे पाताल से भी खोजकर न्याय के दरवाजे तक लाएगा। तहव्वुर राणा अब भारत की धरती पर लाया जा चुका है और एनआईए की अदालत में उसके जुर्मों का हिसाब हो रहा है। ऐसे में पीएम मोदी का ये पुराना बयान खूब वायरल हो रहा है।

## आतंकियों पर भारत के तगड़े एक्शन से खुश हुआ इजरायल, बोला- थैंक्यू मोदी सरकार



नई दिल्ली-(आरएनएस)। मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को बृहस्पतिवार को विशेष विमान से भारत लाए जाने की संभावना है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तानी मूल के 64 वर्षीय कनाडाई नागरिक राणा को लॉस एंजिलिस के 'मेट्रोपोलिटन डिटेंशन सेंटर' में रखा गया था। इजराइल ने पाकिस्तानी-कनाडाई आतंकवादी तहव्वुर राणा और मुंबई 26/11 हमलों के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के अमेरिका से भारत प्रत्यर्पण के कमद को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। इजराइल ने 26/11 के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण का स्वागत किया है। भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर इस घटनाक्रम का स्वागत किया। अजार ने एक वीडियो संदेश में कहा ति मैं आतंकवादियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए भारत सरकार की दृढ़ता के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को बृहस्पतिवार को विशेष विमान से भारत लाए जाने की संभावना है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तानी मूल के 64 वर्षीय कनाडाई नागरिक राणा को लॉस एंजिलिस के 'मेट्रोपोलिटन डिटेंशन सेंटर' में रखा गया था। अधिकारियों ने बताया कि एक बहु-एजेंसी टीम अमेरिका गई है और राणा को भारत लाने के लिए अमेरिकी अधिकारियों के साथ सभी कागजी कार्रवाई और कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं। प्रत्यर्पण से बचने के राणा के आखिरी प्रयास के विफल होने के बाद उसे भारत लाया जा रहा है, क्योंकि अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों ने उसके आवेदन को खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ''आप सभी जानते हैं कि अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने उसकी याचिका खारिज कर दी है। राणा को पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली से जुड़ा माना जाता है, जो 26/11 के मुंबई हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक है। 26 नवंबर 2008 को 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों के एक समूह ने अरब सागर में समुद्री मार्ग से भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई में घुसपैठ करने के बाद एक रेलवे स्टेशन, दो आलीशान होटलों और एक यहूदी केंद्र पर हमला किया था।

## कसाब को कांग्रेस ने बिरयानी खिलाई, राणा को भारत की धरती पर मिलेगी सजा- पीयूष गोयल



नई दिल्ली-(आरएनएस)। 26/11 के आरोपी तहव्वुर राणा को आज भारत प्रत्यर्पित किए जाने के साथ ही केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कांग्रेस की तीखी आलोचना करते हुए और न्याय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना करते हुए राजनीतिक तूफान को फिर से हवा दे दी है। गोयल ने पूर्व यूपीए सरकार पर आतंकवादी अजमल कसाब के प्रति नरम रुख अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने उसे बिरयानी खिलाई, जबकि इसकी तुलना पीएम मोदी की अपराधियों को जवाबदेह ठहराने की प्रतिबद्धता से की। गोयल ने कहा कि ताज होटल पर आतंकवादी हमला कांग्रेस की निगरानी में हुआ। निर्दोष लोगों की जान चली गई, लेकिन वे कार्रवाई करने में विफल रहे। इसके बजाय, उन्होंने कसाब के साथ नरमी बरती। यह मोदी जी का संकल्प ही था जिसने हमें आखिरकार आज तक पहुंचाया है। उन्होंने उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) पर भी निशाना साधा और उस पर राष्ट्रीय हित के बजाय तुष्टीकरण को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया।

## चमोली के नंदप्रयाग में भारी बारिश, बद्रीनाथ हाईवे पर ट्रैफिक रुका; कर्नाटक में ओले गिरे

# यूपी-बिहार में आंधी और बिजली गिरने से 53 की मौत



जयपुर, लखनऊ, भोपाल, पटना-(आरएनएस)। भीषण गर्मी के बीच देश के उत्तरी-पश्चिमी राज्यों में मौसम बदला है। उत्तराखंड के चमोली जिले के नंदप्रयाग में भारी बारिश हुई, साथ ही ओले गिरे। इससे बद्रीनाथ हाईवे पर ट्रैफिक रुका रहा। कर्नाटक में भी देर शाम तेज बारिश के साथ ओले गिरे। दिल्ली में भी धूल भरी आंधी चली।

उत्तर प्रदेश में गुरुवार को आंधी-तूफान और बिजली गिरने से 22 लोगों की मौत हो गई। मुरादाबाद में बिजली गिरने से पांच छात्र झुलस गए। इनमें दो की हालत गंभीर है। वहीं, बिहार में बिजली गिरने से गुरुवार को 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि झारखंड में 3 लोग बुरी तरह झुलस गए। बिहार में पिछले 48 घंटे में 52 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें बिजली गिरने से 31 लोग जान गंवा चुके हैं। नालंदा जिले में पेड़ और दीवार गिरने से 21 लोगों की मौत हुई है।

मौसम विज्ञान विभाग ने 20 से ज्यादा राज्यों में अगले 2 दिन आंधी-तूफान और बारिश की संभावना जताई है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात में हीटवेव की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते राजस्थान के 16 जिलों में बारिश के आसार हैं।

**अगले 2 दिन कैसा रहेगा मौसम**

मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तरी-पश्चिमी राज्यों के मैदानी इलाकों में अगले 2 दिन बारिश की संभावना है। उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, अरुणाचल और नगालैंड में बारिश और ओले गिरने की संभावना है। केरल, तमिलनाडु और आंध्र में अगले दो दिन तक कई जगहों पर बारिश होगी।

वहीं, गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश के कुछ इलाकों में हीटवेव जैसी स्थिति बन सकती है। तापमान 40 डिग्री पार पहुंच सकता है। अगले 2 दिन उत्तर-पश्चिमी भारत, गुजरात और महाराष्ट्र में अधिकतम तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा। उसके बाद 4 दिन तापमान 2-4 डिग्री तक तापमान नीचे आ सकता है।

**मध्य प्रदेश- लू-गर्मी के बीच ओले-बारिश, उज्जैन-ग्वालियर संभाग में आज हीटवेव; रीवा-मंडला समेत 17 जिलों में बारिश के आसार**

मध्यप्रदेश में हीटवेव यानी लू और तेज गर्मी के बीच कहीं कहीं बारिश-आंधी भी चल रही है और कुछ जगहों पर ओले गिरे हैं । बुधवार को छिंदवाड़ा-पांढुर्णा में तेज बारिश हुई और ओले गिरे। हवा इतनी तेज चली कि कुछ पेड़ गिर गए। ऐसा ही मौसम गुरुवार को भी बना रहेगा। मौसम विभाग ने आज उज्जैन-ग्वालियर संभाग में लू चलने का अलर्ट जारी किया है, जबकि 17 जिलों में बारिश की संभावना है।

राजस्थान में तेज गर्मी और लू से कल देर शाम कई शहरों को राहत मिली। बीकानेर, जयपुर, भरतपुर संभाग के जिलों में शाम को कई जगह तेज धूलभरी आंधी चली और बारिश हुई। मौसम के इस बदलाव से चार डिग्री तक तापमान गिरा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राजस्थान में आज और कल भी पश्चिमी विक्षोभ का असर रहेगा।

## गोली चलाए बिना हासिल किया जा सकता है लक्ष्य, उभरती हुई तकनीकें बदल रहीं इसका स्वरुप-राजनाथ सिंह



नई दिल्ली-(आरएनएस)। रक्षा मंत्री ने कहा, ''हम 'ग्रे जोन' और मिश्रित युद्ध के युग में हैं जहां साइबर हमले, गलत सूचनाओं का प्रचार और आर्थिक युद्ध ऐसे साधन बन गए हैं जिनसे एक भी गोली दागे बिना राजनीतिक-सैन्य उद्देश्यों को लक्ष्य बनाने के साथ हीउन्हें हासिल भी किया जा सकता है।'' 'ग्रे जोन' से आशय ऐसे कालखंड से हैं जहां युद्ध और शांति के बीच के समय में राज्य और राज्येतर तत्वों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की प्रतिस्पर्धा होती है। इसमेंगैर-परंपरागत तरीकों और रणनीतियों का इस्तेमाल किया जाता है जो परंपरागत युद्ध के दायरे में नहीं आते। राजनाथ सिंह ने कहा कि एआई और प्रौद्योगिकियों की उभरती हुई टोकरी - रोबोटिक्स, सैन्य स्वायत्तता, ड्रोनरी, क्वांटम, ब्लॉकचेन, अंतरिक्ष, साइबर, इलेक्ट्रॉनिक्स, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग और इसी तरह की अन्य प्रौद्योगिकियां महत्वपूर्ण तरीकों से निरोध और युद्ध लड़ने में क्रांति ला रही हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध भूमि, समुद्र और हवा के पारंपरिक क्षेत्रों से आगे बढ़कर अंतरिक्ष, साइबर, पानी के नीचे और रचनात्मक प्रयास के नए क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि उनका मंत्रालय वर्ष 2025 के लिए निर्धारित लक्ष्यों पर महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है, जिसका उद्देश्य भारत के सशस्त्र बलों को तकनीकी रूप से उन्नत और बहु-डोमेन एकीकृत संचालन में सक्षम युद्ध के लिए तैयार बल में बदलना है। रक्षा मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सागर- क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास के दृष्टिकोण की नींव रखी। उन्होंने कहा कि केंद्र ने सागर को और आगे बढ़ाते हुए ग्लोबल साउथ के लिए एक दृष्टिकोण की घोषणा की है।

## प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को ईसागढ़ के आनंदपुर धाम आयेंगे



भोपाल (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप शुक्रवार को मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले में ईसागढ़ तहसील के आनंदपुर धाम आएंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी गुरु जी महाराज मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे और आनंदपुर धाम स्थित मंदिर परिसर का भ्रमण भी करेंगे। आध्यात्मिक और पारमार्थिक उद्देश्य से स्थापित आनंदपुर धाम 315 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां आधुनिक गौशाला संचालित है, जिसमें 500 से अधिक गौवंश है। आनंदपुर ट्रस्ट यहाँ कृषि कार्य भी कर रहा है।

## भोपाल नगर निगम की गौशाला में भूख-प्यास से मर गईं तीन गायें, आठ गंभीर




भोपाल (आरएनएस)। भोपाल नगर निगम की अरवलिया गौशाला में बुधवार को तीन गायों की भूख-प्यास से मौत हो गई। वहीं आठ से अधिक की हालत गंभीर है। हालात का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि गोशाला में प्रशासनिक टीम के पहुंचने तक गायों के लिए चारा-पानी का इंतजाम तक नहीं था। इस कड़ी धूप में सैकड़ों गोवंश खुले मैदान में थे। स्थानीय लोगों की सूचना पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गौशाला में प्रदर्शन किया। बजरंग दल के कार्यकर्ता शुभम ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में दावा किया कि गौशाला में 10 से 15 गोवंश की मौत हुई है। इसमें से कई के शव तालाब के किनारे फेंक दिए गए हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने 5800 करोड़ रूपए लागत वाली 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं भूमि-पूजन

# मध्यप्रदेश में दिखती हैं विकास की ललक - केन्द्रीय मंत्री गडकरी



भोपाल (आरएनएस)। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को धार जिले के बदनावर के ग्राम खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में 5800 करोड़ रूपए की लागत वाली 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं एवं संबद्ध अधोसंरचना निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि मध्यप्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। यहां तेजी से विकास हो रहा है। सबको सुखी, समृद्ध और सशक्त बनाने का विजन लेकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव बड़ी तेजी से प्रदेश को विकास के पथ पर आगे ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजमार्ग सिर्फ एक मार्ग नहीं, यह जन-जन का जीवन बदलने वाले प्रगति पथ होते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले 10 सालों में हम देश की अधोसंरचना में व्यापक बदलाव लेकर आए हैं। देश को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है, इसमें मध्यप्रदेश की भागीदारी भी होगी। म.प्र. में विकास की ललक दिखाई देती है, इसलिए हम इसे देश के विकास का सबसे बड़ा अंशभागी राज्य बनायेंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने घोषणा करते हुए कहा कि अगले तीन साल में हम मध्यप्रदेश में उपलब्ध राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को अमेरिका से अच्छा और सुंदर बनायेंगे। उन्होंने कहा कि अगले एक साल में हम देश में तीन लाख करोड़ रूपए से अधिक के राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य अधोसंरचना निर्माण कार्य पूरे करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी देश-प्रदेश के विकास के लिए 4 प्रमुख संसाधनों जल, ऊर्जा, परिवहन और अधोसंरचनात्मक विकास की जरूरत होती है और उन्हें खुशी है कि मध्यप्रदेश इन चारों संसाधनों के विकास पर तेजी से बढ़ रहा है। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मांग पर मंच से ही केन्द्रीय सड़क निधि से 12 हजार करोड़ रूपए लागत से 400 कि.मी. लंबाई 6 नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण एवं विकास कार्यों को मंजूरी दी। केन्द्रीय मंत्री ने मध्यप्रदेश में 33 हजार करोड़ रूपए की लागत से एनएचएआई द्वारा निर्मित किए जाने वाले 5 नए ग्रीनफील्ड इकॉनामिक कॉरिडोर निर्माण कार्य, रिंग रोड, एलिवेटेड कॉरीडोर, सेतु एवं अन्य निर्माण कार्यों को भी मंजूरी देते हुए इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने की समय-सीमा भी घोषित की। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि सड़क परियोजनाओं के पूरा होने पर क्षेत्र का विकास होगा। युवाओं को रोजगारमिलेगा, गरीबी दूर होगी। किसानों की फसल को अच्छा दाम मिलेगा। रोड कनेक्टिविटी बढ़ेगी और लोगों के जीवन में खुशहाली आएगी।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना गोरखपुर में रात श्रीमती शीला चक्रवर्ती उम्र 55 वर्ष निवासी हाथीताला कालोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मीर्निंग वॉक के लिये गुप्तेश्वर मंदिर की तरफजा रही थी जैसे ही जय माता दी मोबाइल दुकान के पास सुबह 6-22 बजे पहुँची तभी सामने से एक मोटर सायकल में तीन अज्ञात व्यक्ति जो फेस कवर किये थे उकसे सामने से पीछे गये और पुनः मोटर सायकल मोड़कर वापस आये और झपट्टा मारकर उसका जूट का बैग सफेद रग का जिसमें उसका गैलेक्सी एम 52 मोबाइल रखा था लेकर भाग गये।

# हनुमान जी के जन्मोत्सव पर होंगे विभिन्न आयोजन

## अंतर्राष्ट्रीय कलाकार देंगे प्रस्तुति गूंजेंगे सुंदरकांड के स्वर




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्वयं सिद्ध श्री हनुमान मंदिर गेट नं. 2 राईट टाऊन मंदिर संचालक आचार्य पं श्री धर्मेन्द्र दुबे ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस बर्ष भी श्री हनुमान जन्मोस्तव में विविध आयोजन होंगे। आयोजन की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं श्री दुबे ने बताया कि दिनाँक 12 अप्रैल 2025 शनिवार चैत्र पूर्णिमा विश्व स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय तीन दिवसीय आयोजन शहर के हृदय स्थल स्वयं सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में होंगे सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में मध्य भारत के अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त 101 कलाकारों की शानदार भजनों की प्रस्तुतियों एवं असंख्य कन्याओं का कन्यापूजन, कन्या भोग एवं 24 घंटे विशाल भंडारा एवं निशुल्क नेत्र स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया है इस दौरान में निशुल्क चश्मा वितरण, निशुल्क दवाई वितरण एवं निशुल्क जाँचे की जाएगी आचार्य पं इस सुविधा का उपयोग सभी आम जन के द्वारा किया जा सकता है। आचार्य पं श्री धर्मेन्द्र दुबे जी ने बताया कि इन तीन दिवसीय आयोजनों में सारे गा.मा.पा. विजेता कु0 इशिता विश्वकर्मा, अंतर्राष्ट्रीय श्याम बैंड के संचालक मनोज भाई (पूरी टीम) एवं अंतर्राष्ट्रीय भजन गायिका तेजल विश्वकर्मा एवं राष्ट्रीय भजन गायक श्री अजीत मिनोचा एवं ईशान मिनोचा, राष्ट्रीय कलाकार दिलीप कोरी जी, राष्ट्रीय कलाकार मिठाई लाल चक्रवर्ती जी, राष्ट्रीय कलाकार रज्जन सूर्यवंशी, एवं उत्तर प्रदेश मेरठ शहर के अवि तिलकधारी झांकी कलाकारों की टीम की कला का प्रदर्शन करेगी एवं राष्ट्रीय कलाकार सारनी जिला व बैतूल के मनोज कामडे जी एवं आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के राष्ट्रीय भजन गायक रवि शंकर श्रीवास्तव जी एवं राष्ट्रीय भजन गायिका रुपाली कुसुमकर जी एवं राष्ट्रीय शहनाई वादकों द्वारा शहनाई वादन किया जाएगा इसके साथ ही भगवान का जन्म पूजन सुबह 4 बजे से होगा ।

प्रभु का श्रृंगार आभूषणों एवं वस्त्रों से, पांच ब्राम्हणों एवं आचार्य पं श्री धर्मेन्द्र दुबे जी द्वारा आलोकिक श्रृंगार किया जायेगा। सामूहिक सुन्दर कांड पाठ राष्ट्रिय कलाकार दिलीप कोरी रफी साहिब द्वारा मंच से होगा। प्रातः 5 बजे से आभार प्रदर्शन तक पूरे समय मंच संचालन का भार राजा सोनी जी द्वारा किया जायेगा दिनांक 11 अप्रैल को संगीतमय 24 घंटे अखंड रामायण पाठ 11 मंडलियों के प्रस्तुतियों के साथ किया जायेगा। 12 अप्रैल को 24 घंटे विशाल भंडारा किया जाएगा जो 2-2-घंटे में 56 भोग सूची बदल-बदल कर परोसे जायेंगे (56 भोग ) इसके साथ ही दिल्ली शहर के शान्तनु नृत्य एकाडमी की 21 कुमारी कन्याओं ?द्वारा श्री हनुमान चालीसा में आधारित नृत्य की भक्तिमय प्रस्तुतियां होगी। कार्य क्रम में हनुमान जी के जन्मोत्सव पर होंगे विभिन्न आयोजन

**अंतर्राष्ट्रीय कलाकार देंगे प्रस्तुति गूंजेंगे सुंदरकांड के स्वर**

जबलपुर ! स्वयं सिद्ध श्री हनुमान मंदिर गेट नं. 2 राईट टाऊन मंदिर संचालक आचार्य पं श्री धर्मेन्द्र दुबे ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस बर्ष भी श्री हनुमान जन्मोस्तव में विविध आयोजन होंगे। आयोजन की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं श्री दुबे ने बताया कि दिनाँक 12 अप्रैल 2025 शनिवार चैत्र पूर्णिमा विश्व स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय तीन दिवसीय आयोजन शहर के हृदय स्थल स्वयं सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में होंगे सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में मध्य भारत के अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त 101 कलाकारों की शानदार भजनों की प्रस्तुतियों एवं असंख्य कन्याओं का कन्यापूजन, कन्या भोग एवं 24 घंटे विशाल भंडारा एवं निशुल्क नेत्र स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया है इस दौरान में निशुल्क चश्मा वितरण, निशुल्क दवाई वितरण एवं निशुल्क जाँचे की जाएगी आचार्य पं इस सुविधा का उपयोग सभी आम जन के द्वारा किया जा सकता है। आचार्य पं श्री धर्मेंद्र दुबे जी ने बताया कि इन तीन दिवसीय आयोजनों में सारे गा.मा.पा. विजेता कु0 इशिता विश्वकर्मा, अंतर्राष्ट्रीय श्याम बैंड के संचालक मनोज भाई (पूरी टीम) एवं अंतर्राष्ट्रीय भजन गायिका तेजल विश्वकर्मा एवं राष्ट्रीय भजन गायक श्री अजीत मिनोचा एवं ईशान मिनोचा, राष्ट्रीय कलाकार दिलीप कोरी जी, राष्ट्रीय कलाकार मिठाई लाल चक्रवर्ती जी, राष्ट्रीय कलाकार रज्जन सूर्यवंशी, एवं उत्तर प्रदेश मेरठ शहर के अवि तिलकधारी झांकी कलाकारों की टीम की कला का प्रदर्शन करेगी एवं राष्ट्रीय कलाकार सारनी जिला व बैतूल के मनोज कामडे जी एवं आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के राष्ट्रीय भजन गायक रवि शंकर श्रीवास्तव जी एवं राष्ट्रीय भजन गायिका रुपाली कुसुमकर जी एवं राष्ट्रीय शहनाई वादकों द्वारा शहनाई वादन किया जाएगा इसके साथ ही भगवान का जन्म पूजन सुबह 4 बजे से होगा । प्रभु का श्रृंगार आभूषणों एवं वस्त्रों से, पांच ब्राम्हणों एवं आचार्य पं श्री धर्मेन्द्र दुबे जी द्वारा आलोकिक श्रृंगार किया जायेगा। सामूहिक सुन्दर कांड पाठ राष्ट्रिय कलाकार दिलीप कोरी रफी साहिब द्वारा मंच से होगा। प्रातः 5 बजे से आभार प्रदर्शन तक पूरे समय मंच संचालन का भार राजा सोनी जी द्वारा किया जायेगा दिनांक 11 अप्रैल को संगीतमय 24 घंटे अखंड रामायण पाठ 11 मंडलियों के प्रस्तुतियों के साथ किया जायेगा। 12 अप्रैल को 24 घंटे विशाल भंडारा किया जाएगा जो 2-2-घंटे में 56 भोग सूची बदल-बदल कर परोसे जायेंगे (56 भोग ) इसके साथ ही दिल्ली शहर के शान्तनु नृत्य एकाडमी की 21 कुमारी कन्याओं ?द्वारा श्री हनुमान चालीसा में आधारित नृत्य की भक्तिमय प्रस्तुतियां होगी। कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह,विधायक कैंट अशोक रोहाणी, मुकेश बिरोठिया,अमित जैन सतीश बिल्लौर,विनोद गुप्ता,आनंद पटेल, आरपी बाजपेई, अखिलेश अग्रवाल, मनोज राय, वरुण मिश्रा ,ओम प्रकाश, अग्रवाल,डॉ नितिन सोनी, पहलाद सावलानी, सुरेंद्र चौकसे,सुरेंद्र झरिया रितेश वाघेला, जय कुमार वाधवानी ,ऋषि जैन,अरुण बत्रा, ऋषभ रजक, विशाल त्रिवेदी,रमन बड़कुल्हे,शिखा शिवहरे, वीरेंद्र दीक्षित, अंकित गुप्ता,शरद,नीरज कूचिया, रामेंद्र करसोलिया,, जीपी पटेल, पप्पू बघेल, सुमित सावलानी,मोहन मगृतानी, रीतेश शर्मा,प्रदीप नायक,राज नायडू,महिप नायक, जितेंद्र विश्वकर्मा, जितेंद्र राठौर,उदित गायकबाड,सुशील सिंह,गौरव इंगोले, संतोष जायसवाल,महेश दुबे, मुन्ना लाल जैन, लेखराज सिंह जी मुन्ना भैया आदि का सहयोग मिलता है सेवा एवं सहयोग हेतु प्रतिदिन समस्त श्रद्धालु सिर्फ सुबह मिल सकते हैं। अतः समस्त संस्कार धानी वासियों से आचार्य पं धर्मेंद्र दुबे जी का निवेदन है कि आप धर्म लाभ अर्जित करने की कृपा करे । कृपया समस्त भक्तों से निवेदन है कि आचार्य पं श्री धर्मेंद्र दुबे से सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक (प्रतिदिन) मुलाकात की जा सकती है कांफ्रेंस प्रेम विश्वकर्मा , नीतेश अग्रवाल , अरविंद अग्रवाल , सतीश पसारी ,गौरव मुद्गल , श्रीनिवास महाराणा , राजेश विश्वकर्मा, अशोक सरैया,राजेश दीक्षित प्रेम सिंह चौहान,मनीष शर्मा जितेंद्र नायक , नीलेश मालवीय , पंकज मालवीय , श्रीमती ज्योति दुबे, श्रीमती चंद्रावती तिवारी आदि मौजूद रहे



हे महावीर पर उपकारी
मानव जाति के उद्धारक
हे जीव दया के संकल्पी
सत्य अहिंसा के धारक।
जीवन शुचिता के प्रबल दूत
ही शांति त्याग के संदेशक
स्यादवाद्वाद के पोषक हो
चिर सत्य ज्ञान के उद्घोषक।
करुणा मय दृष्टि धरकर
सब जीवों के हो रक्षक
संहार करो न किसी जीव का
ना बनो किसी के भक्षक।
शुद्धातम के अनुगायक हो
सम्यक चारित्र प्रणेता हो
हे परम तपस्वी तीर्थंकर
इंद्रियों के स्वयं विजेता हो।
हे परमवीर ,हे महावीर
अस्तेय धर्म के उन्नायक
जीव दया के अनुगायक
ही सत्य अहिंसा परिचायक।
**जय महावीर जय महावीर**
**डॉ संध्या जैन श्रुति**

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2024 आगामी वॉटर प्लस एवं जी.एफ.सी. स्टार रेटिंग की तैयारियों का जायजा लेने ललपुर, खंदारी एफ.एस.टी.पी. प्लांट,नर्मदा नगर और इन्द्रपुरी पहुँची निगमगयुक्त

# निगमायुक्त द्वारा वेस्ट वॉटर को यूज लायक बनाने का जमीनी परीक्षण भी किया गया

## निरीक्षण के समय कॉलोनी वासियों से भी निगमायुक्त प्रीति यादव ने किया विषय पर सार्थक संवाद





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आगामी वाटर प्लस एवं जी.एफ.सी. स्टार रेटिंग के जमीनी परीक्षण के अंतिम दौर की तैयारियों का जायजा लेने आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने संभाग क्रमांक 3 के अंतर्गत आने वाले ललपुर एस.टी.पी. प्लांट, खंदारी एफ.एस.टी.पी. प्लांट, नर्मदा नगर सीवर लाइन एवं इंद्रपुरी में सीवर लाइन का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया की आगामी वाटर प्लस का जमीनी परीक्षण पूर्णतः इस बात पर निर्भर करता है कि जो भी शहर का वेस्ट वाटर है उसको हम किस तरह से प्रोसेस कर उसे यूज़ करने के लायक बनाते है साथ ही साथ शहर में खुले में शौच एवं पेशाब का क्या स्तर है इसके लिए नगर पालिक निगम द्वारा वेस्ट वाटर के ट्रीटमेंट के लिए 4 एस.टी.पी. एवं शौच के मल के ट्रीटमेंट के लिए 3 एफ.एस.टी.पी. का निर्माण किया गया है

जिसमें से आज संभाग क्रमांक 3 के अंतर्गत आने वाले ललपुर एस.टी.पी. प्लांट, खंदारी एफ.एस.टी.पी. प्लांट, नर्मदा नगर सीवर लाइन एवं इंद्रपुरी में सीवर लाइन का निरीक्षण किया साथ ही संभाग क्रमांक 3 अन्तर्गत कॉलोनियो में जाकर सीवर कनेक्शन चेक किए और कॉलोनी वासियों से संबंधित विषयों पर सार्थक संवाद भी किया। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव द्वारा आगामी सर्वेक्षण की तैयारियो को लेकर छुट्टियों के दिन भी लगातार वर्किंग करके सर्वेक्षण में अव्वल रैंक लाने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। जिससे सर्वेक्षण में जबलपुर नगर निगम की टीम के उत्तम प्रयासों से नगर निगम जबलपुर को सफलता मिल पाये। निरिक्षण के दौरान उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जयसवाल, सहायक नोडल अधिकारी एस बी एम अभिनव मिश्रा, सहायक यंत्री सीवर विभाग संजय सिंह, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक मोनिका तुमराम, स्वास्थ्य निरीक्षक अमन चौरसिया, स्टेट पी आई यू आशना राठौर, आदित्य कंसल्टेंसी से शारीक अंसारी उपस्थित रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर द्वापर युग के बाल विगृह हनुमान के दर्शन सवा लाख साबूत नारियलों की आहुति



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। हनुमत जन्मोत्सव दिनांक 12 अप्रैल 2025 के अवसर पर सिद्ध पीठ श्री राम लला मंदिर ग्वारीघाट में द्वापर युग के अति प्राचीन बाल विगृह हनुमान जी प्रातः 7:30 बजे गर्भगृह से निकल कर उनका विधिवत पूजन अर्चन एवं अभिषेक उपरांत सार्वजनिक मंच पर स्थापित कर जन सामान्य हेतु श्रद्धालुजन अपने हाथो से स्पर्श कर उनका पूजन कर पुण्य लाभ प्राप्त कर सकते है।

तदुपरांत प्रातः 11 बजे से मध्य रात्रि तक अनवरत महा भंडारे का आयोजन किया जायेगा विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ श्री राम लला मंदिर ग्वारीघाट में एक नारियल के साथ वर्ष भर अर्जी लगाने से मनोकामना पूर्ण होती है। साबूत सवा लाख नारियलों से भक्तगण हवन कुण्डी में हवन करेंगे। सांयकाल भजन संध्या का आयोजन रखा गया है। श्री राम लला मंदिर आयोजन समिति द्वारा रात्रि 12 बजे बाल हनुमान की महा आरती होगी तत्पश्चात एक वर्ष के लिये द्विव्य मूर्ति पुनः गर्भगृह में स्थापित हो जायेगी। श्री राम लला मंदिर समिति ने सभी भक्तजनों से द्वापर युग के स्वयं प्रगट बाल विगृह हनुमान के दर्शन कर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

# मात्र शक्ति ने बैसाखी महापर्व पर किया सम्मानित



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कौर दा क्वीन्स ग्रुप नद्वारा गोरखपुर गुरुद्वारा सभागार में जबलपुर की समस्त संगत और स्त्री सत्संग सभाओ के सहयोग से मात्र शक्ति द्वारा वैसाखी महापर्व समागम आयोजित किया गया। जिसमें समाज की महिलाएं तथा बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और कीर्तन सिमरन में बहुत ही प्रभावी ढंग से गुरु स्तुति की । यहां सभी ने एक दूसरे को बैसाखी महापर्व की लख लख बधाइयां संप्रेषित की। इस अवसर पर अध्यक्ष सुनीता कौर सलूजा,मोना कौर बिंद्रा, बेबी कौर नैय्यर, बब्ली कौर सलूजा,नीना कौर छाबड़ा,रिंकू कौर कपूर,बब्ली कौर तलवार, पायल कौर पाहवा,प्रीति कौर पशरीजा,अवनीत कौर छाबड़ा,परमजीत कौर सलूजा,पश्मीत कौर चोपड़ा, सेवी कौर सलूजा,रंजीता कौर चानना के साथ ही अनेकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। यहां विभिन्न समाज सेवियों को पुष्पजन्य पौधे प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## सड़क दुर्घटना

जबलपुर- थाना पाटन में रात्रि श्रीमती अंजो बेन उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम पौड़ी (उड़ना) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 9-4-25 की शाम लगभग 6-45 बजे वह एवं गांव की सोमा बा घूमने के लिये उड़ना की तरफ खेत में स्कूल के पास गये थे साथ में उसका छोटा बेटा सुमित भी था हम लोग घूमकर उड़ना एवं पौड़ी के बीच स्कूल के पास मेन रोड़ पर पहुँच तभी उड़ना तरफसे आ रही एक कार क्रमांक एमपी 20 सीए 9602 का चालक तेज गति लापरवाही पूर्वक चलाते हुये उसे एवं सोमा बाई को सामने से टक्कर मार दिया एवं आगे सड़क किनो खड़े ट्रेक्टर से टकरा गया कार चालक मौके से भाग गया एक्सीडेंट से उसे एवं सोमा बाई बेन को हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आयीं हैं दोनों का उपचार शासकीय अस्पताल पाटन में हुआ है।

# निमाड़ क्षेत्र का पहला 500 एम व्ही ए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत सिंगाजी थर्मल पावर से क्षेत्र को मिलेगी सीधे विद्युत सप्लाई



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने 400 केवी सबस्टेशन जुलवानिया में निमाड़ क्षेत्र का पहला और प्रदेश का तीसरा 500 एम व्ही ए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया है। इसके पहले मध्यप्रदेश में सिर्फ भोपाल में 500 एम व्ही ए क्षमता के दो ट्रांसफार्मर स्थापित हुए हैं।

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि खंडवा स्थित सिंगाजी सुपर थर्मल पावर प्लांट से निमाड़ क्षेत्र को सीधे विद्युत आपूर्ति के लिए 400 केवी सबस्टेशन जुलवानिया में इस ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि लगभग 30 करोड रुपए की अनुमानित लागत से इस ट्रांसफार्मर को स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया है ।

इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से न केवल निमाड़ क्षेत्र के कृषि उपभोक्ताओं को अगले रबी सीजन में गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति हो सकेगी बल्कि इस ट्रांसफार्मर के स्थापित होने से क्षेत्र के लिफ्ट इरिगेशन सिस्टम के लिए भी पर्याप्त मात्रा में विद्युत की उपलब्धता रहेगी। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने इस सफलता के लिए एमपी ट्रांसकों को बधाई दी है।

**निमाड़ क्षेत्र की पारेषण क्षमता में हुई उल्लेखनीय वृद्धि**

एम पी ट्रांसको के अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री राजीव अग्रवाल ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर की ऊर्जीकृत होने से निमाड़ क्षेत्र की विद्युत पारेषण व्यवस्था में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। निमाड़ क्षेत्र में एमपी ट्रांसको अपने 59 एक्स्ट्रा हाई टेंशन सब स्टेशनों के द्वारा विद्युत आपूर्ति करती है। इसमें से 400 के व्ही के 4 सबस्टेशन, 220 के व्ही के 13 एवं 132 के व्ही के 42 सबस्टेशन शामिल है।

निमाड़ क्षेत्र की कुल स्थापित क्षमता अब 14304 एम व्ही ए की हो गई है। एम.पी. ट्रांसको की ट्रांसफारमेशन कैपेसिटी हुई 81911 एम.व्ही.ए.-मध्यप्रदेश में एम.पी. ट्रांसको (मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) अपने 417 सब स्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है।

इस क्षमता .वृद्धि से मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की कुल ट्रांसफारमेशन क्षमता बढ़कर 81911 एम.व्ही.ए. की हो गई है । प्रदेश में एम.पी. ट्रांसको (मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के कुल 1027 पावर ट्रांसफार्मर क्रियाशील है।

# तीन माह के लिए जबलपुर से हरिद्वार के मध्य साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से भी गाड़ी संख्या 01705/01706 जबलपुर-हरिद्वार-जबलपुर के मध्य आगामी जून 2025 तक के लिए 11-11 ट्रिप साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर स्टेशन से प्रस्थान/टर्मिनेट होकर दोनों दिशाओं में कटनी मुड़वारा, दमोह एवं सागर स्टेशनों पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 01705 जबलपुर-हरिद्वार स्पेशल ट्रेन प्रत्येक बुधवार को दिनांक 16.04.2025 से 25.06.2025 तक जबलपुर स्टेशन से दोपहर 15:45 बजे प्रस्थान कर कटनी मुड़वारा 17:10 बजे, दमोह 18:40 बजे, सागर रात 19:50 बजे पहुँचकर, ललितपुर, झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट, अलीगढ़, मेरठ सिटी एवं अन्य स्टेशनों से होते हुए गुरुवार को दोपहर 13:50 बजे हरिद्वार स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01706 हरिद्वार-जबलपुर स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 17.04.2024 से 26.04.2025 तक हरिद्वार स्टेशन से शाम 17:40 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सागर दोपहर 12:45 बजे, दमोह 13:30 बजे, कटनी मुड़वारा 15:55 बजे और शुक्रवार को सायं 17:50 बजे जबलपुर स्टेशन पहुँचेगी। यह स्पेशल ट्रेनकटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी जंक्शन, ग्वालियर जंक्शन, आगरा कैंट जंक्शन, अलीगढ़ जंक्शन, खुर्जा जंक्शन, हापुड़, मेरठ सिटी, टपरी एवं रुड़की स्टेशनों पर रुकेगी।

इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 08 शयनयान श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 17 कोच रहेंगे।

नोट:- रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी वेबसाइट से हरिद्वार स्पेशल ट्रेन का दिनांक 11 अप्रैल 2025 से आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है। इस स्पेशल ट्रेन के ठहराव के विस्तृत समय के लिए कृपया पर जाएं या एनटीईएस ऐप से प्राप्त कर सकते है।

## अकाल मृत्यु

जबलपुर- थाना शहपुरा में श्रीमती लक्ष्मी सेन उम्र 36 वर्ष निवासी नर्मदा कालोनी वार्ड नम्बर 9 भिटौनी ने सूचना दी कि उसकी भाभी रजनी सेन उम्र 42 वर्ष ओम शांति कालोनी शहपुरा मे रहती हैं जो कुछ दिमागी रूप से बीमार रहती थीं आज आज सुबह लगभग 9-30 बजे उसे ओम शांति कालोनी के उमाशंकर पटैल ने सूचना दी कि आपकी भाभी रजनी सेन आग से जल गयी है तो वह अपनी भाभी रजनी सेन के घर जाकर देखी भाभी रजनी सेन जली हुयी अवस्था में घर की गैलरी में पड़ी थीं जिन्हें 108 एम्बुलेंस से शासकीय अस्पताल शहपुरा लेकर गये जहां डाक्टर ने चैक कर उसकी भाभी रजनी सेन को मृत घोषित कर दिया।

# जल गंगा संवर्धन विषय पर आयोजित हुई संगोष्ठी



जबलपुर- मण्प्रण् जन अभियान परिषद सेक्टर बरेला में ष्जल गंगा संवर्धन अभियानष् का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत आज ग्राम परतला के सार्वजनिक कुआं में ष्जल गंगा संवर्धनष् विषय पर स्थानीय लोगों की संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें विकासखंड समन्वय श्री विनायक राव वडनेरकर द्वारा जल संरक्षण विषय पर ग्रामीण क्षेत्र में किए जाने वाले अनेकों प्रकार के जल संवर्धन के कार्यों की जानकारी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर नवांकुर संस्था वेणु पांडुरंग सेवा न्यास के श्री प्रकाश बिस्पुतेए परामर्शदाता डॉण् अमित पांडेयए डॉ नितेश कुमार पांडेयए संध्या बर्माए रतिराम पटेल सहित बड़ी संख्याप में आमजन उपस्थित रहे।



भोपाल - किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि नरवाई जलाने से खेतों की उर्वरा शक्ति को नुकसान पहुंचता है। नरवाई जलाने के नुकसान को रोकने के लिए कृषि विभाग द्वारा किसानों को जागरूक करने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हैप्पी सीडर द्वारा फसल काटकर सीधे बोनी की जाती है। नरवाई से मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार होता है। नरवाई मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ जोड़ती है, जिससे मिट्टी की संरचना, जल धारण क्षमता और उर्वरा शक्ति बढ़ती है। इसके साथ ही नरवाई मिट्टी की सतह को ढंककर रखती है, जिससे वाष्पीकरण कम होता है और मिट्टी में नमी बनी रहती है।

**आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने की पहल में स्व-सहायता समूह की महिलाओं की है प्रमुख भूमिका**

# स्व-सहायता समूह से बहनों के जीवन में नए सूर्य का हुआ उदय- मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्व-सहायता समूह महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को बेहतर बनाने का एक सशक्त माध्यम है। इससे न केवल महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है बल्कि महिलाएं आर्थिक रूप से समृद्ध भी हो रही है। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने की पहल में स्व-सहायता समूह की महिलाओं की प्रमुख भूमिका है। सशक्त नारी ही समृद्ध प्रदेश का आधार हैद्य मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को धार जिले के कुक्षी में आयोजित स्व-सहायता समूह सम्मेलन सह-पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश की बहनों को निकाय चुनाव में 50त्न आरक्षण दिया जा रहा है। साथ ही 2029 तक लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में महिलाओं को 33त्न आरक्षण के प्रयास भी किये जा रहे हैं। जमीन या मकान की रजिस्ट्री महिला के नाम पर करने पर पंजीयन शुल्क में छूट दी जा रही है। लाड़ली बहना योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। महिला स्व-सहायता समूह की बहनों ने हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर अपना सामर्थ्य दिखाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देशभर की महिलाएं सशक्त हो रही हैं। आज जनजातीय वर्ग की महिला देश की राष्ट्रपति हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में हजारों सालों से देवियों की पूजा होती रही है। नवरात्रि में 9 दिन देवी की आराधना की जाती है। दुनिया में भारत ही एकमात्र देश है, जो राष्ट्र को माता मानता है। राज्य सरकार हर माह लाड़ली बहनों के खाते में 1250 रुपए डालकर रक्षाबंधन मना रही है। सभी पात्र लाड़ली बहनों को 1250 रुपए की राशि मिलती रहेगी। अगर बहनों के हाथों में पैसे आएंगे तो परिवार में कुछ बचत होगी। सरकार बहन-बेटियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। यह परिवार और समाज को सशक्त बनाने का एक प्रयास है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गौमाता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। प्रदेश के हर घर को गोकुल बनाएंगे। राज्य सरकार द्वारा दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से नई गौपालन योजना बनाई गई है। भविष्य में गौशालाओं के माध्यम से प्रदेश की बहनों के जीवन में भी बड़ा बदलाव आ सकता है। राज्य सरकार उन्हें नए व्यवसाय से जोड़ने के कार्य कर रही है। अब स्व-सहायता समूह की महिलाओं को गौशालाओं से जोड़ेंगे और समूह की महिलाएं दूध से बने उत्पाद जैसे- मिठाई, रबड़ी, कलाकंद तैयार करेंगी। बहन-बेटियों की मिठाई की दुकान खुलेगी, उनकी आय बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नारी सशक्तिकरण के लिये प्रतिबद्ध हमारी सरकार ने कपड़ा कारखानों में काम करने वाली बहनों को 5000 रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में अलग से देगी। कंपनी मालिक भी 8000 रुपए मेहनताना देंगे। इस प्रकार उनकी मासिक आय 14 हजार 250 रुपए सुनिश्चित हो जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए 24 घंटे काम कर रही है। राज्य सरकार ने 1 लाख शासकीय पदों पर भर्ती का अभियान शुरू किया है।

आने वाले कुछ दिनों में प्रमोशन के लिए स्वीकृति देकर राज्य सरकार 4 लाख से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों को सौगात देगी। सरकार अगले 5 साल में ढाई लाख नौकरी के अवसर प्रदान करेगी। गरीब हो या अमीर, सरकार का काम सभी की भलाई के लिए काम करना है। मध्यप्रदेश के नागरिकों की प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है। स्कूलों में बच्चों को निःशुल्क पढ़ाई के लिए किताब-कॉपियां दी जा रही हैं। मेधावी विद्यार्थियों के लिए साइकिल, स्कूटी और लैपटॉप प्रदान करने की योजनाएं संचालित की जा रही हैं। हमारी सरकार में हर बेरोजगार के हाथ में रोजगार होगा। राज्य सरकार गरीब, किसान, युवा और महिला कल्याण के लिए कार्य कर रही है। मध्यप्रदेश को देश में नंबर-1 राज्य बनाकर छोड़ेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धार के बदनावर में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी 10 अप्रैल को धार को देवास से जोड़ने वाली 4 लेन का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही 5 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की नई सौगातें मिलेंगी। 30 हजार करोड़ रुपए की लागत से बनी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लोकार्पण की सौगात भी मिलेगी। शुक्रवार 11 अप्रैल को प्रधानमंत्री श्री मोदी आनंदपुर धाम आ रहे हैं। इसके बाद रविवार 13 अप्रैल को केन्द्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री श्री अमित शाह सहकारी सम्मेलन में भोपाल आएंगे। सहकारिता कार्यों को गति प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ अनुबंध करेंगे।

मुख्यमंत्री ने किया पोषण प्रदर्शनी का अवलोकन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व-सहायता समूह की सदस्यों द्वारा पोषण पखवाड़े में श्रीअन्न से निर्मित खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने व्यंजनों की प्रशंसा की।

स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने साझा किये अपने अनुभव

समारोह में ग्राम पिपलिया सरपंच श्रीमती अनीता लोकेश पांचाल ने मंच से जल गंगा संवर्धन अभियान में किए गए बावड़ी जीर्णोद्धार कार्य के अनुभव साझा कर बताया कि पहले बावड़ी बहुत गंदी थी। जनसहयोग एवं जन भागीदारी से बावड़ी का पानी पीने योग्य हो गया है। भविष्य में पंचायत को मॉडल पंचायत के रूप में भी विकसित किया जाएगा।

ग्राम झड़दा निवासी सुखली बाई ने स्व-सहायता समूह के अनुभव साझा करते हुए बताया कि पूर्व में उनके घर की स्थिति खराब थी लेकिन श्री सांई स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद ऋण प्राप्त किया। उन्होंने अपने बच्चों को पढ़ाया और स्वयं का भी एक छोटा व्यवसाय शुरू किया। अब वह लेखा जोखा करना भी सीख गई हैं। बच्चे भी शिक्षित होकर बड़े पदों पर कार्यरत है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान में जो कदम उठाये गये हैं, वह सराहनीय हैं- केन्द्रीय मंत्री सिंधिया



भोपाल-(आरएनएस) संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान में जो कदम उठाये गये हैं, वह सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो। सभी वॉलेंटियर्स के रूप में आगे आयें और अपने-अपने स्तर पर प्रयास करें। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया शिवपुरी जिले के बदरवास में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लाल तालाब के श्रमदान में शामिल हुए। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने पत्रिका समूह द्वारा किये जा रहे अमृत जलम अभियान'' की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ हमारा सदैव संबंध रहा है और जल है तो कल है। उन्होंने कहा कि हमें यह दृढ़ संकल्प करना होगा कि हम आने वाली पीढ़ी के लिये जल को सुरक्षित रखेंगे। उन्होंने इस अभियान में सभी की भागीदारी के लिये बधाई दी। भोपाल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में पर्यावरण संरक्षण के लिये एक महत्वपूर्ण पहल की गयी है। इसमें वन विभाग, तिंसा फाउण्डेशन और नगर निगम ने मिलकर अभियान शुरू किया है। इस अभियान में कलियासोत को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लिया। शहर के विभिन्न कॉलेजों के छात्र स्वैच्छा से इस अभियान में जुटे हैं। नगर निगम के कर्मचारी और वन विभाग का फ्रंटलाइन स्टॉफ भी इस अभियान में सक्रिय है। शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार और भोपाल की सुंदरता को बनाये रखने के लिये अभियान चलाया जा रहा है। उप वन मण्डलाधिकारी श्री धीरज सिंह चौहान ने बताया कि कलियासोत डेम क्षेत्र बाघ भ्रमण क्षेत्र, जहाँ का इलाका प्राकृतिक सम्पदा से समृद्ध है, इसे भोपाल का आक्सीजन बेल्ट कहा जाता है। यह अभियान क्षेत्र के ईको सिस्टम और शहर के पर्यावरण को स्वच्छ रखने में मदद करेगा। शहडोल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रचार-प्रसार एवं जन-जागरूकता के लिये दीवारों पर संदेश लिखे जा रहे हैं, जिससे लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान में व्यापारी, गणमान्य नागरिक, जन-अभियान परिषद, स्वयंसेवी और समाजसेवी संस्थाएँ जिले में जल संरक्षण के लिये कार्य कर रही हैं। जिले में जल की महत्ता के बारे में ग्रामीणों को समझाइश भी दी जा रही है। पूरे जिले में अभियान के अंतर्गत अनेक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। र्धन अभियान में जल संरक्षण की नई पहल की गयी है। अनूपपुर जिले के डूमरकछार एवं अमरकंटक में जल-स्त्रोतों की साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है, जिसमें प्रशासन और जन-सहयोग मिलकर अभियान का हिस्सा बन रहे हैं। जल संकट की बढ़ती आशंका के बीच धार जिले के सरदारपुर नगर में सकारात्मक और प्रेरणादायी पहल की शुरूआत हुई है। अभियान में नगर के पुराने, उपेक्षित और विलुप्त हो चुके जल-स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने का कार्य किया जा रहा है।

# केवल निर्माण कराना पंचायत का कार्य नहीं, हमें लोगों की विचार प्रणाली भी बदलना होगी- प्रभारी मंत्री पटेल




भोपाल (आरएनएस) पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम एवं भिंड जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा है कि पंच, सरपंच वो कड़ी है जो हमें सामर्थ्य देगा और हमारे सामर्थ्य से राज्य और देश शक्तिशाली बनेगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में चुनी हुई व्यवस्था ही सबसे ऊपर होती है। त्रि-स्तरीय पंचायत राज व्यवस्था में अधिकारों और कर्त्तव्यों का सामंजस्य आवश्यक है। पंचायत पदाधिकारी संवाद, समन्वय और संपर्क का उपयोग कर बेहतर कार्य करें। उन्होंने कहा कि केवल निर्माण कार्य करना ही पंचायत का काम नहीं है। हमें लोगों की विचार प्रणाली को भी बदलना होगा। उन्होंने कहा कि जैसे आप सभी अपना परिवार चलाते हैं, अगर उसी प्रकार अपनी पंचायत को चलाएंगे तो विकास जरूर होगा। मंत्री श्री पटेल कम्युनिटी हॉल मेला ग्राउण्ड भिण्ड में आयोजित। पंच, सरपंच सम्मेलन उन्मुखीकरण कार्यक्रम इस अवसर पर विधायक भिण्ड श्री नरेन्द्र सिंह कुशवाह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण एवं पंच, सरपंच उपस्थित रहे।

# स्मार्ट पीडीएस एक मई से लागू करना प्रस्तावित-खाद्य मंत्री राजपूत

भोपाल-(आरएनएस) खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि स्मार्ट पीडीएस एक मई 2025 से लागू किया जाना प्रस्तावित है। मंत्री श्री राजपूत ने पीडीएस के सभी पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी 30 अप्रैल तक कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया है कि उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार भी सभी पात्र हितग्राहियों का ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने बुधवार को ई-केवायसी अभियान और न्यूनतम समर्थन मूल्य गेहूँ उपार्जन की वीडियो कान्फ्रेंसिंग से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों का ई-केवायसी कर दोहरे एवं मृत हितग्राहियों के नाम सूची से विलोपित करवायें। ई-केवायसी की सुविधा पीओएस मशीन पर उपलब्ध है। मोबाइल ऐप से भी ई-केवायसी किया जा सकता है। एसीएस श्रीमती शमी ने इस कार्य में लगी टीम ग्राम/मोहल्ले में जाकर ई-केवायसी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ई-केवायसी अभियान के दौरान राशन वितरण प्रभावित नहीं होना चाहिए। इस कार्य में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा नगरीय प्रशासन विभाग के अमले का भी सहयोग लिया जाये।

**एमईएस बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ऑल इंडिया काउंसिल मीट-2025 में हुए शामिल**

# भारत के महानिर्माण में प्रत्येक नागरिक, संस्था और संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण-उप मुख्यमंत्री शुक्ल



भोपाल (आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत शक्तिशाली, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र के रूप में वैश्विक क्षितिज पर उभर रहा है। यह भारत का महानिर्माण काल है, जिसमें प्रत्येक नागरिक, संस्था और संगठन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल सफल रिट्रीट भोपाल में एमईएस बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ऑल इंडिया काउंसिल मीट-2025 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने एसोसिएशन के सभी प्रतिनिधियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं एवं श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों प्रतिनिधियों को सम्मानित किया

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत को आशा और संभावनाओं की दृष्टि से देख रही है। भारत वह राष्ट्र है जो विश्व में शांति स्थापित करने की सामर्थ्य रखता है। आज का भारत अपने निर्णय अंतर्राष्ट्रीय दबाव में नहीं, बल्कि वैश्विक हित में लेता है। हमारी सेनाएं पूरी मजबूती के साथ खड़ी हैं। अब वह समय नहीं जब हम ज़मीन पर विजय के बाद टेबल पर हार जायें, अब हम दुश्मन को घर में घुसकर जवाब देते हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि भारतीय सेना के साथ जुड़कर कार्य करना गौरव और राष्ट्रसेवा का अवसर है। एमईएस बिल्डर्स एसोसिएशन के सदस्य सैन्य आवश्यकताओं की पूर्ति में उत्कृष्ट योगदान दे रहे हैं। सैन्य क्षेत्र में उत्पादों की गुणवत्ता, अनुशासन और प्रतिबद्धता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है और एसोसिएशन इन सभी मानकों पर खरा उतर रहा है। विधायक श्री रामेश्वर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी निर्माण की दिशा में तेज़ी से अग्रसर है।

## 1 मई से पूरी तरह ऑनलाइन होगा भोपाल कलेक्टोरेट

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल का कलेक्टोरेट 1 मई से ई-ऑफिस हो जाएगा। फाइलों का अप्रूवल ऑनलाइन ही मिलेगा। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सभी विभाग के अधिकारियों को ई-ऑफिस सेटअप तैयार करने को कहा है। कलेक्टर सिंह ने कहा कि 1 मई से कोई भी फाइल ऑफलाइन नहीं चलेगी। वे भी ऑनलाइन ही अप्रूवल देंगे। वहीं, संबंधित विभाग ई-ऑफिस पोर्टल के जरिए ही फाइलें वरिष्ठ अधिकारियों के पास भेजेंगे। इसके लिए कलेक्टोरेट, जिला पंचायत, नगर निगम आदि ऑफिसों में फाइलों का डेटा बैंक बनाया गया है। एडीएम, एसडीएम और तहसीलदारों की फाइलें भी ऑनलाइन ही चलेगी।

कलेक्टर सिंह ने सोमवार को समयावधि बैठक में अफसरों से कहा कि एक मई से किसी भी फाइल की हार्ड कॉपी स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने भोपाल के सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोचिंग संस्थान, अस्पताल, होटल, पटाखों की दुकान एवं अन्य संस्थानों का फायर ऑडिट करने को कहा है। वहीं, जिले में समग्र आईडी को आधार से लिंक कराने के कार्य में गति लाने को कहा। एसडीएम को अवैध खनन एवं अवैध कॉलोनियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी एडीएम को एसडीएम कोर्ट एवं एसडीएम को तहसीलदार कोर्ट का निरीक्षण करने आदेशित किया गया।

# कार्ययोजना के प्रावधानों से जन-जन तक पहुंचेगी परिषदः नागर

**म.प्र. जन अभियान परिषद की वित्तीय वर्ष 2025-26 की समीक्षा बैठक**

भोपाल-(आरएनएस) संवाद योजनांतर्गत प्रदेश में स्वैच्छिकता के वातावरण को सुदृढ़ करने एवं विकास कार्यों में जनसहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से म.प्र. जन अभियान परिषद की वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्ययोजना पर परिषद के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुधवार को राज्य कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में चालू वित्तीय वर्ष में परिषद की योजनाओं प्रस्फुटन, नवांकुर, संवाद, दृष्टि, समृद्धि, विस्तार योजना के प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा हुई। परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर, कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड़ द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर ने कहा कि कार्ययोजना के प्रावधानों से परिषद जन-जन तक पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि वित्तीय प्रावधानों से भी अधिक आवश्यक है परिषद के मूल स्वैच्छिकता भाव को संपोषित कर प्रदेश के सर्वांगीण विकास में लगाना। उन्होंने जनभागीदारी से जन अभियानों को सफल करने में परिषद की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि इससे परिषद को प्रतिष्ठा और पहचान दोनों मिल रही है।

परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड ने कहा कि नवांकुर संस्थाओं का चयन स्थानीय स्तर पर होना चाहिए। परिषद को ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता संवर्द्धन कर उनका चयन नवांकुर संस्था के रूप में किये जाने को प्राथमिकता देनी चाहिए। परिषद के उददेश्यों और लक्ष्यों के प्रति समर्पण का आग्रह करते हुए उन्होंने परिषद परिवार से प्रतिबद्धता, निष्ठा और पारदर्शिता से कार्य करने का आग्रह किया। बैठक में योजनाओं से संबंधित प्रावधान प्रपत्र प्रस्तुत किये गये, जिन पर महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए। बैठक में परिषद के अधिकारी, संभाग एवं जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

**13 अप्रैल से मिल सकता है दूध पर पांच रुपए बोनसः भोपाल में होने वाले गोपाल सम्मेलन से हो सकती है शुरुआत**

भोपाल (आरएनएस)। दुग्ध उत्पादक किसानों को दूध पर पांच रुपए प्रति लीटर बोनस देने की घोषणा की शुरुआत 13 अप्रैल से हो सकती है. भोपाल में आयोजित हो रहे गोपाल सम्मेलन में सीएम डॉ मोहन यादव इसकी शुरुआत कर सकते हैं. पांच रुपए प्रति लीटर के हिसाब से बोनस देने पर सरकार पर सालाना करीब 189 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा.

**जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत केरवा डैम के समीप किया श्रमदान**

# जल की बूंद-बूंद का संरक्षण करें- मंत्री सिलावट




भोपाल-(आरएनएस) जल संसाधन विभाग मंत्री श्री तुलसी राम सिलावट ने बुधवार को %जल गंगा संवर्धन% अभियान के अंतर्गत केरवा डैम के समीप श्रमदान किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी नागरिकों से जल की एक-एक बूंद को संरक्षित करने का आह्वान किया। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्प को पूरा करने और नदियों एवं तालाबों के संवर्धन के लिए प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक %जल गंगा संवर्धन% अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में जल स्त्रोतों के संरक्षण, जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य व्यापक पैमाने पर किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सभी अपनी सक्रिय भागीदारी से सफल बनाएं।

केरवा डैम, भोपाल के समीप जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आयोजित किए गए श्रमदान कार्यक्रम में विधायक श्री भगवानदास सबनानी, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, विधायक श्री विष्णु खत्री, श्री तीरथ मीणा, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री प्रमोद राजपूत, सरपंच श्रीमती मीरा तोमर, पर्यावरण विद श्री अभिलाष खांडेकर, विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

मंत्री श्री सिलावट ने अधिकारियों को जल स्त्रोतों के सौंदर्यीकरण और गहरीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग के तालाबों पर हर प्रकार के अतिक्रमण को तत्काल हटाने के भी सख्त निर्देश दिए। श्री सिलावट ने कहा कि जल संकट का समाधान जल गंगा संवर्धन अभियान में निहित है। उन्होंने झाबुआ जिले की प्रसिद्ध हलमा प्रथा से प्रेरणा लेते हुए सभी से अपने जीवन में कम से कम 1 घंटा श्रमदान करने का आग्रह किया। मंत्री श्री सिलावट ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो अभियान के संकल्प को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध नदी जोड़ो परियोजनाओं के माध्यम से पूरा किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड क्षेत्र में केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। श्री सिलावट ने मध्य प्रदेश में अगले पांच वर्षों में सिंचाई रकबे को 65 हजार हेक्टेयर से बढ़ाकर 100 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाने के लक्ष्य की भी बात कही। मंत्री श्री सिलावट ने वहां उपस्थित सभी लोगों को जल संसाधनों की रक्षा और संरक्षण करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि यह अभियान हम सभी का है और इसकी सफलता की नींव प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी पर टिकी हुई है।

सम्पादकीय
अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।



भगवान शंकर के दिव्य श्रृंगार में, अब वाले श्रृंगार ने तो मानों दाँतों तले अँगुलि दबाने को विवश कर दिया था। कारण कि भगवान शंकर ने अपनी छाती पर एक माला पहन रखी है। वह माला न तो कोई स्वर्ण धातु से बनी है, और न ही पुष्प इत्यादि की। जी हाँ! वह माला बनी है 'नरमुण्डों' की। खोपड़ियों को एक सूत्र में बाँध कर गले में लटका दिया है। जिसे शिवगण बड़े रौब से माला की संज्ञा दे रहे हैं। भला ऐसी भी माला की कल्पना किसी ने की होगी? यह तो बुद्धि की सीमा से परे सकी बात हो गई।



## बीमाधारकों के साथ चतुराई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने मेडीक्लेम पॉलिसी को लेकर बीमाधारकों के हित में महत्त्वपूर्ण फैसला दिया है। अदालत ने कहा है कि किसी व्यक्ति को मेडीक्लेम पॉलिसी के तहत मिलने वाली राशि को मोटर वाहन अधिनियम के चिकित्सा व्यय के मुआवजे से नहीं काटा जा सकता। पीठ ने कहा कि मेडीक्लेम पॉलिसी के तहत दावेदार द्वारा प्राप्त किसी भी राशि की कटौती स्वीकार्य नहीं होगी। पीठ ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण को न केवल उचित मुआवजा दिलवाने का अधिकार है, बल्कि यह उसका कर्त्तव्य भी है। अदालत ने कहा कि मृतक द्वारा किए गए दूरदर्शितापूर्ण वित्तीय निवेश का लाभ अपराधी नहीं उठा सकता। मामले में बीमा कंपनी का दावा था कि चिकित्सा व्यय भी मेडीक्लेम पॉलिसी के हिस्से के रूप में प्राप्त बीमा राशि के अंतर्गत आता है। यह तर्क बेहद दुखद है कि बीमाकर्ता का कोई नुकसान नहीं हुआ। हालांकि अपने देश में अभी भी बीमा कराने के प्रति लोग ज्यादा जागरूक नहीं हैं। मगर वाहन बीमा सड़क पर निकले चालक के लिए काफी सुविधाजनक व्यवस्था साबित हो रही है।

30त्न आबादी अभी भी स्वास्थ्य बीमा से वंचित बताई जाती है। उक्त मामले में यदि बीमाधारक द्वारा दोनों तरह का बीमा लिया गया था तो उसे दोनों का लाभ मिलना उचित कहा जाना चाहिए। स्वास्थ्य बीमा और वाहन बीमा के लिए वह अलग-अलग प्रीमियम का भुगतान कर रहा है तो उसके अधिकार से वंचित किया जाना कंपनियों की नीयत में खोट दर्शाता है। बीमा कंपनियां अभी भी धारकों को मुआवजा देने में भारी कोताही करती पाई जाती हैं।

# गांवों में रुपये पैसे की जरुरत पूरी करने में आज भी रिश्तों की डोर अधिक मजबूत

नाबार्ड की हाल ही मार्च, 25 में जारी रिपोर्ट से जहां इस बात का संतोष होता है कि ग्रामीण क्षेत्र में संस्थागत ऋण प्रवाह का दायरा बढ़ा हैं वहीं यह भी चिंता चिंताजनक हालात सामने आये हैं कि गैरसंस्थागत स्त्रोतों से जरुरत के समय कर्ज प्राप्त करने वाले ग्रामीणों में से करीब साढ़े सात फीसदी लोगों को 50 फीसदी से भी अधिक ब्याजदर से कर्ज चुकाना पड़ रहा है। इससे यह साफ हो जाता है कि एक बार गैर संस्थागत स्त्रोत से कर्जदार बने तो फिर कर्ज के मकड़जाल से निकलना असंभव नहीं तो बहुत ही मुश्किल भरा होगा। नाबार्ड की रिपोर्ट को ही आधार मानकर चले तो सितंबर, 24 में जुटाये आंकड़ों के अनुसार 17.6 फीसदी लोग अपनी रुपये पैसे की तात्कालीक जरुरतों को पूरा करने के लिए गैर संस्थागत स्त्रोतों पर निर्भर है। हालाकि इसमें करीब साढ़े तीन फीसदी का सुधार है पहले 21.1 प्रतिशत ग्रामीण अपनी ऋण जरुरतों को पूरा करने के लिए गैर संस्थागत स्त्रोतों पर निर्भर थे। फिर भी हमारी ग्रामीण संस्कृति की इस खूबी की सराहना करनी पड़ेगी कि आज भी 31.7 प्रतिशत रिश्तेदार या परिचित ऐसे हैं जो दु:खदर्द में भागीदार बनते हैं और ऐसे समय में उपलब्ध कराये गये रुपये पैसे पर किसी तरह का ब्याज नहीं लेते। हांलाकि रिश्तेदारों या परिचितों से इस तरह की रुपये पैसे की आवश्यकता कुछ समय के लिए ही होती है और समय पर लौटा दिया जाता है। यह भी नाबार्ड द्वारा जारी रिपोर्ट से ही उभर कर आया है।

दरअसल चाहे ग्रागीण हो या शहरी तात्कालीक आवश्यकताएं आ ही जाती है जिनके लिए तत्काल रुपये पैसे की आवश्यकता होती है। अन्य कोई सहारा नहीं देखकर व्यक्ति इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए रिश्तेदार, परिचित, साहूकार, दोस्त, कमीशन एजेंट या रुपये पैसे उधार देने वाले लोगों के सामने हाथ पसारते हैं। अब इनमें से एक बहुत बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो व्यक्ति की मजबूरी का फायदा उठाने में किसी तरह का गुरेज नहीं करते और हालात यहां तक हो जाते हैं कि मजबूरी का फायदा उठाते हुए 50 से 60 प्रतिशत तक ब्याज लेने में किसी तरह की हिचकिचाहट नहीं दिखाते। हांलाकि ऐसे लोगों का प्रतिशत या संख्या कम है पर इसे सिरे से नकारा नहीं जा सकता। रिपोर्ट के अनुसार ऋण लेने वाले करीब 40 फीसदी ग्रामीणों को 15 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक के बीच में ब्याज का चुकारा करना पड़ता है। 0.9 प्रतिशत को 60 प्रतिशत या इससे अधिक तो 6.6 फीसदी को 50 प्रतिशत से अधिक की ब्याजदर पर लिए गए ऋणों का चुकारा करना पड़ता है। इससे साफ हो जाता है कि आजादी के 75 साल बाद भी सूदखोरों को बोलबारा बरकरार है। हांलाकि संस्थागत ऋणों में भी यदि हम पर्सनल लोन की बात करें तो वह भी करीब 15 से 20 प्रतिशत पर बैठता है और यदि किसी कारण से कोई किष्त बकाया रह गई तो फिर पेनल्टी दर पेनल्टी का सिलसिला काफी गंभीर व कर्ज के मकड़जाल में फंसाने वाला हो जाता है। एक बात और शहरों और ग्रामीण इलाकों में कुछ लोगों या संस्थाओं द्वारा दैनिक आधार पर पैसा कलेक्शन करने और दैनिक आधार पर ही ऋण देने का कार्य किया जाता है। इस तरह के लोगों या संस्थाओं द्वारा भले ही दैनिक आधार पर दस रुपये के ग्यारह रुपये शाम को देना आसान लगता हो पर इस किस्त का चूकना और मासिक आधार पर गणना की जाये तो यह बहुत मंहगा होने के साथ ही जरुरतमंद लोगों की मजबूरी का फायदा उठाने से कम नहीं है। रोजमर्रा का काम करने वाले वेण्डर्स इस तरह की श्रेणी में आते हैं। खैर यह अलग बात है पर कहने को चाहे 40 प्रतिशत ही हो पर इनके द्वारा 20 प्रतिशत से 60 प्रतिशत की ब्याजदर से ब्याज राशि वसूलना किसी भी तरह से सभ्य समाज के लिए उचित नहीं कहा जा सकता। हांलाकि देश में संस्थागत ऋण उपलब्धता बढ़ी है पर आज भी ताजा रिपोर्ट के अनुसार 17.6 प्रतिशत ग्रामीणों का साहूकारों या अन्य स्त्रोतों पर निर्भर रहना उचित नहीं माना जा सकता। यदि ब्याज दर 20, 30, 40 या 50 प्रतिशत होगी तो प्रेमचंद के गोदान या इसी तरह की साहूकारी व्यवस्था व आज की व्यवस्था में क्या अंतर रह जाएगा। इतना जरुर है कि रिश्तों की डोर आज भी मजबूत है और इसकी पुष्टी नाबार्ड की रिपोर्ट करती है कि ग्रामीण क्षेत्र में 31.7 प्रतिशत कर्जदार रिश्तेदारों और परिचितों पर निर्भर है और यह लोग रिश्तों का लिहाज करते हुए जरुरत के समय एक दूसरे का रुपया पैसा देकर सहयोग करते हैं और बदले में किसी तरह का ब्याज नहीं लेते। आने वाले समय में भी हमें रिश्तों की इस डोर को मजबूत बनाये रखना होगा और सरकार को आगे आकर एक सीमा से अधिक ब्याज वसूलने वालो पर सख्ती दिखानी होगी।

## बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव से जुड़े जीवन-संकट

भारत में इस समय गर्मी एवं हीट वेव का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, खासकर उत्तर भारत के अनेक राज्यों विशेषत: गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा में अप्रैल के प्रारंभ में ही बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव लोगों को अपनी चपेट में लेने लगी, कई शहरों में पारा 44-45 डिग्री तक चढ़ गया है। राजस्थान के बाडमेर में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जो चिन्ताजनक होने के साथ अनेक समस्याओं एवं परेशानियों का सबब है। लगातार बढ़ती गर्मी के आंकड़े एक बार फिर जलवायु परिवर्तन के परिणामों और इसकी वजह से खड़े हुए संकट को ही दर्शा रहे हैं। अधिक तापमान पानी की गंभीर कमी का कारण बन सकता है, कृषि को प्रभावित कर सकता है और विशेष रूप से घनी आबादी वाले क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जोखिम का कारण बन सकता है। भीषण गर्मी एवं लू का प्रकोप लोगों की सेहत, कार्य-क्षमता और उत्पादकता पर गंभीर खतरा है। विश्व बैंक के एक अध्ययन के मुताबिक, देश का करीब 75 फीसदी कार्यबल कृषि और निर्माण क्षेत्र में गर्मी का सीधे सामना करने वाले श्रम पर निर्भर करता है। इसके मुताबिक साल 2030 तक गर्मी के प्रकोप से जुड़ी उत्पादकता में गिरावट की वजह से दुनिया भर में कुल होने वाली नौकरियों के नुकसान में अकेले भारत का योगदान करीब 43 फीसदी तक हो सकता है। इस बार बढ़ती गर्मी के पुराने सारे रेकॉर्ड तोड़ देने की चेतावनी दी जा रही हैं जो हमारे लिए चौंकाने से ज्यादा गंभीर चिंता की बात है। गुजरात एवं राजस्थन के अनेक स्थानों पर अभी से गर्मी इतनी तेज है कि कुछ ही दिनों में धरती तवे की तरह तपने लगेगी। पानी की कमी, बिजली कटौती और गर्म लू के कारण बीमारी के हालात गंभीर हो सकते हैं। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल होगा।

## भौतिक चकाचौंध व सोशल मीडिया से बढ़ रहे रिश्तों के कत्ल

विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम की सीख देने वाले भारत जैसे आध्यत्म और शांति की धरा वाले देश में बढ़ती भौतिक विलासिता की चकाचौंध और सोशल मीडिया का जिन्दगी में बढ़ता दखल, पारिवारिक-सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है। संबंधों में तकरार और फिर नृशंस तरीके से हत्या जैसे मामलों ने देश को झकझोर कर रख दिया है। मेरठ की मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने पति सौरभ राजपुत की हत्या कर दी। ऐसे ही मुजफ्फरनगर की पिंकी ने अपने आशिक के लिए अपने पति अनुज को जहर पिलाकर मार दिया। रिश्तों में हत्या का ऐसा ही प्रकरण बेंगलुरू में देखने को मिला, वहां के हुलीमावु क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करके उसकी बॉडी को सूटकेस में भर दिया। देश के अलग-अलग शहरों में हो रही ऐसी हत्याओं ने देश की जनता को पूरी तरह से हिलाकर रख दिया। आखिर ये सिलसिला कहां जकर थमेगा? इन घटनाओं ने सोचने-समझने के लिए मजबूर कर दिया है कि आखिर यह देश किस दिशा में जा रहा है। पिछले कुछ वक्त से देश के अलग-अलग हिस्सों से ऐसी खबरें आ रही हैं, जिनमें पति पत्नी का और पत्नी पति का कत्ल कर देती है। संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय की रिपोर्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023 में दुनिया भर में कुल 51 हजार 100 महिलाओं और लड़कियों का कत्ल हुआ है। इनमें से 60 फीसदी के करीब कत्ल महिलाओं या लड़कियों के अपने पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने किया। एक रिपोर्ट कहती है कि देश भर में हर साल औसतन 225 लोगों को उनकी पत्नियां कत्ल कर देती हैं और लगभग 275 पत्नियां अपने पति के हाथों मारी जाती हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में हर ग्यारवें मिनट में एक महिला या लड़की का कत्ल होता है। इनमें से औसतन हर रोज 140 महिलाओं या लड़कियों का कत्ल उनके घर के अंदर होता है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन और लंदन स्कूल ऑफ हाइजिन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड साउथ एफ्रिकन मेडिकल रिसर्च काउंसिल की रिपोर्ट कहती है वर्ष 2022 में दुनिया भर में कुल 48 हजार 800 महिलाओं और लड़कियों के कत्ल हुए थे और इनमें से भी 60 फीसदी से ज्यादा कत्ल पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने ही किए थे। वर्ष 2022 में ऐसे अपराधों के मामलों में अफ्रीका पहले नंबर पर था और एशिया दूसरे नंबर पर। ऐसे अपराधों में अब 2023 में एशिया पहले नंबर पर है और अफ्रीका दूसरे नंबर पर है। आंकड़ा कहता है कि पार्टनर पति या रिलेशनशिप में दुनिया भर में जितने कत्ल होते हैं, उसकी 58 फीसदी शिकार महिलाएं या लड़कियां होती हैं। लेकिन चौंकाने वाला आंकड़ा ये भी है कि इसी पार्टनर और रिलेशनशिप की वजह से 42 फीसदी पुरुषों का भी कत्ल होता है। अर्थात यह अंतर ज्यादा नहीं है। ब्रिटिश मेडिकल जनरल लेनसेट में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 60 फीसदी महिलाओं के कत्ल मौजूदा या फिर पूर्व पार्टनर की वजह से होती है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर में महिलाओं के कत्ल का सबसे ज्यादा खतरा उन्हीं के मौजूदा या पूर्व पार्टनर से ही होता है।

## 51 शक्ति पीठों की विरासत

51 शक्तिपीठ भारत भूमि पर यत्र तत्र फैले हुये हैं .मान्यता है कि जब भगवान शंकर को यज्ञ में निमंत्रित न करने के कारण सती देवी माँ ने यज्ञ अग्नि में स्वयं की आहुति दे दी थी तो क्रुद्ध भगवान शंकर उनके शरीर को लेकर घूमने लगे और सती माँ के शरीर के विभिन्न हिस्से भारतीय उपमहाद्वीप पर जिन विभिन्न स्थानो पर गिरे वहाँ शक्तिपीठों की स्थापना हुई . प्रत्येक स्थान पर भगवान शंकर के भैरव स्वरूप की भी स्थापना है .शक्ति का अर्थ माता का वह रूप जिसकी पूजा की जाती है तथा भैरव का मतलब शिवजी का वह अवतार जो माता के इस रूप के स्वांगी है . ये स्थान हैं 1.किरीट शक्तिपीठ, पश्चिम बंगाल के हुगली नदी के तट लालबाग कोट पर स्थित है। यहां सती माता का किरीट यानी शिराभूषण या मुकुट गिरा था। यहां की शक्ति विमला अथवा भुवनेश्वरी तथा भैरव संवर्त हैं। 2. कात्यायनी शक्तिपीठ वृन्दावन, मथुरा के भूतेश्वर में स्थित है कात्यायनी वृन्दावन शक्तिपीठ जहां सती का केशपाश गिरा था। यहां की शक्ति देवी कात्यायनी हैं तथा भैरव भूतेश है। 3. करवीर शक्तिपीठ महाराष्ट्र के कोल्हापुर में स्थित है यह शक्तिपीठ, जहां माता का त्रिनेत्र गिरा था। यहां की शक्ति महिषासुरमदिनी तथा भैरव क्रोधशिश हैं। यहां महालक्ष्मी का निज निवास माना जाता है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का बड़ा योगदान

प्रह्लाद सबनानी

भारत में लगभग 60 फीसद आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है और आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। जबकि, कृषि क्षेत्र का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान केवल 18 फीसद के आसपास बना हुआ है। इस प्रकार, भारत में गरीबी को समूल नष्ट करना है तो इस क्षेत्र में आर्थिक सुधार कार्यक्रम लागू करने ही होंगे। भारत ने हालांकि आर्थिक क्षेत्र में पर्याप्त सफलताएं अर्जित की हैं और विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। शीघ्र ही अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

भारत विश्व में सबसे अधिक तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था भी बन गया है। परंतु, इसके आगे की राह कठिन है क्योंकि केवल सेवा क्षेत्र एवं उद्योग क्षेत्र के बल पर और अधिक तेज गति से आगे नहीं बढ़ा जा सकता है और कृषि क्षेत्र में आर्थिक विकास की दर को बढ़ाना होगा। भारत में हालांकि कृषि क्षेत्र में कई सुधार कार्यक्रम लागू किए गए हैं, परंतु अभी भी बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। किसानों के पास पूंजी का अभाव रहता था और वे बहुत ऊंची ब्याज दरों पर महाजनों से ऋृण लेते थे और उनके जाल में जीवन भर के लिए फंस जाते थे, परंतु, आज इस समस्या को बहुत बड़ी हद तक हल किया जा सका है और किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसान को आसान नियमों के अंतर्गत बैंकों से पर्याप्त ऋृण की सुविधा उपलब्ध है। इस सुविधा का लाभ देश के करोड़ों किसान उठा रहे हैं। दूसरे, इसी संदर्भ में किसान सम्मान निधि योजना भी किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है। इस योजना का लाभ भी करोड़ों किसानों को मिल रहा है। भारतीय कृषि आज भी मानसून पर निर्भर है। ग्रामीण इलाकों में सिंचाई सुविधाओं का अभाव है। इस समस्या को हल करने के लिए प्रति बूंद अधिक फसल की रणनीति पर काम किया जा रहा है, एवं सूक्ष्म सिंचाई पर बल दिया जा रहा है ताकि खेती में पानी के उपयोग को कम किया जा सके तथा जल संरक्षण के साथ सिंचाई की लागत भी कम हो सके।

देश में सीमांत एवं छोटे किसानों की संख्या करोड़ों की संख्या में हो गई है। ये किसान किसी तरह अपना और परिवार का भरण-पोषण कर पा रहे हैं। इनके लिए कृषि लाभ का माध्यम नहीं रह गया है। इन तरह की समस्याओं के हल के लिए केंद्र सरकार विभिन्न उत्पादों के लिए प्रति वर्ष न्यूनतम समर्थन मूल्य में, मुद्रास्फीति को ध्यान में रखकर, वृद्धि करती रहती है। इससे किसानों को लाभ हो रहा है।

## भगवान शंकर की कौन-सी बात सुनकर नंदी बाबा के आंखों में अश्रु आ गये थे

भगवान शंकर के पावन श्रृंगार की गाथा किसी विरले भाग्यशाली को ही प्राप्त होती है। गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं, कि भोलेनाथ का श्रृंगार अब तक पूर्ण हुआ माना जा रहा था। बस एक सुंदर घोड़ी की विवस्था की जानी बाकी थी। क्योंकि संसार में सभी दूल्हे जब अपनी बारात लेकर निकलते हैं, तो घोड़ी पर ही सवार होकर निकलते हैं। किंतु दूर-दूर तक भी किसी ने घोड़ी की विवस्था नहीं की थी। यह देख एक शिवगण ने भोलेनाथ से प्रार्थना की, कि क्या वे पैदल ही हिमाचल की ओर प्रस्थान करने की इच्छा रखते हैं? क्योंकि घोड़ी तो हम ले ही नहीं पाये। आप बताईये क्या आदेश है? तब भगवान शंकर बोले-अरे वाह! यह क्या बात कर रहे हो प्रिय गण? जब हम विवाह करने ही बैठे हैं, तो विवाह तो विवाह की ही भाँति करेंगे न? हम भला पैदल बहु बिहाने क्यों चलेंगे? यह सुन शिवगण ने घोड़ी उपलब्ध न होने की असमर्थता जताई। तब भगवान शंकर मुस्करा कर बोले-हे प्रिय गण! हमारी सवारी तो कब से हमारे साथ है। वह भला आपकी दृष्टि से कहाँ औझल हो गई थी? वह देखो हमारा परम प्रिय नंदी बैल। हमने आज तक कोई अन्य सवारी की है भला? जिस नंदी ने आज तक हमें अपनी पीठ पर सवार किया, क्या आज विवाह के शुभ अवसर पर हम उन्हें त्याग देंगे? हमारी तो प्रतिष्ठा ही हमारे नंदी से है।

## वेव्स: रचनात्मक कंटेंट सृजन की वैश्विक क्रांति में भारत का नेतृत्व

धर्मेन्द्र तिवारी

रचनात्मकता की सीमा नहीं होती। अनादि काल से, रचनाकारों ने इस दुनिया को विकास की वो दिशा दी है, जिसने हमारा जीवन संवारा है। ऐसे अनेकों महान रचनात्मक विचार थे, जिन्होंने हमें

सभी वैश्विक सभ्यताओं में, एक आधुनिक सभ्य समाज के रूप में आकार दिया। हमारे पूर्वजों के रचनात्मक दृष्टिकोण ने न सिर्फ अंधकारमय युग से लेकर अब तक, अपना भविष्य संवारा बल्कि हमारी आज की पीढ़ी का वर्तमान भी। 21वीं सदी में बेबी बूमर्स पीढ़ी से लेकर जेन जी तक, हम जिस प्रगति का लाभ उठा रहे हैं, वो हमारे पूर्वजों की रचनात्मकता ही तो है। आज के इंटरनेट युग में यदि तकनीक से लैस रचनात्मक युवा सोच को कुशल अनुभवी पीढ़ी का दिग्दर्शन मिल जाय तो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी मानव बेहतर जीवन जी सकेगा। इस लिहाज से, रचनाकारों की पहचान करना, उन्हें समसामयिक अनुभवी विद्वानों का कुशल मार्गदर्शन देना, पारम्परिक समझ साझा करना और रचनाकारों की उत्कृष्ट सामग्री, क्रिएटिव कंटेंट के लिए उन्हें बाजार उपलब्ध कराना, ये हर पीढ़ी के नीति निर्माताओं के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण हो जाता है।

आधुनिक इंटरनेट युग में, दुनिया की रचनात्मक संभावनाओं को युवा सोच के लिए खोलते हुए, भारत सचमुच रचनात्मकता की लहरें पर सवार है। वेव्स (विश्व दृश्य श्राव्य एवं मनोरंजन,

वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट), जो मुंबई में 1 से 4 मई तक हो रही है, में भारत का लक्ष्य है अपनी क्रिएटिव सॉफ़्ट पावर की शक्ति से दुनिया को एकजुट करना, जिससे हम सभी देशों के बीच आपसी सद्भाव बढ़ा सकें। वहीं, मीडिया और मनोरंजन उद्योग के स्तर पर, नई दिल्ली के हमारे नीति निर्माता लहरें 2025 के माध्यम से रचनाकारों को जोड़ने का भागीरथ कार्य देश की मनोरंजन राजधानी मुंबई में इस आयोजन के रूप में पहली बार कर रहे हैं। वेव्स न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया भर के रचनाकारों के लिए एक शानदार अवसर है। इस समिट का व्यापक उद्देश्य है कनेक्टिंग कंट्रीज, कनेक्टिंग क्रिएटर्स।

चाहे वह प्राचीन काल से चला आ रहा योग एवं आयुर्वेद का भारतीय ब्रांड हो या बोलती फिल्मों के अस्तित्व में आने के बाद पिछले 100 वर्षों में बॉलीवुड का मनोरंजक संगीत, हमारे रचयिता या क्रिएटर्स, सभी पीढ़ियों के क्रिएटर्स के लिए ज्ञान को सुलभ कराते हुए दुनिया को आकार दे रहे हैं। इसी प्रकार से, दुनिया भर के क्रिएटर्स के लिए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने और सही मायनों में स्वयं का भविष्य संवारने की खुद की रचनात्मक यात्रा में अपना नाम और यश कमाने हेतु वेव्स हम सभी के लिए एक शानदार अवसर है। फिल्में हों, संगीत हो, गेम्स हों, कॉमिक्स हो या फिर शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी सेवा को अधिक किफायती बनाने के लिए तकनीकी नवाचार, क्रिएटर्स को मीडिया और मनोरंजन उद्योग को भविष्य में आकार देने की क्षमता रखने वाले उपकरण विकसित करके सदैव आगे बने रहने का लाभकारी अवसर स्रवेव्स 2025 का मंच प्रदान करता है। उच्च गुणवत्ता की रचनात्मक प्रतिभाओं की पहचान करने की दिशा में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा किए गए प्रयासों के अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। 32 'क्रिएट इन इंडिया, क्रिएट फॉर द वर्ल्ड' चैलेंज के माध्यम से दुनिया भर से चुने गए करीब 750 शॉर्टलिस्टेड क्रिएटर्स अब मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में अपना जलवा दिखाएंगे। पूरा देश और दुनिया देखेगी, इन क्रिएटर्स के उन कामों को जो सही मायनों में नवाचार हैं। उद्योग जगत के विशेषज्ञों तथा बाजार के पेशेवरों द्वारा जूरी-आधारित चयन की प्रक्रिया के माध्यम से भारत सरकार द्वारा पहचाने गए क्रिएटर्स के बेहतरीन काम मीडिया के सामने आने लगे हैं, जिसमें अभिनव तरीकों का प्रयोग कर हमारे जीवन को बदलने की एक बड़ी क्षमता परिलक्षित होती है।

अगली बार जब आप पर्यटक के तौर पर पोर्ट ब्लेयर स्थित सेलुलर जेल जाएंगे, तो आपको स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर से बातचीत करने का बेहतरीन अनुभव प्राप्त होगा। महज एक क्रिएटिव फर्म द्वारा इसे संभव बनाने के लिए अपने एक्सटेंडेड रियलिटी टैलेंट का इस्तेमाल किए जाने की बदौलत ऐसा होगा। वेव्स के वैश्विक मंच से क्रिएटर्स ऐतिहासिक गाथाओं व लोककथाओं का वर्णन करते हुए भारत या विदेश में अन्य ऐतिहासिक स्थलों तक भी खुद की पहुँच कायम करने की इच्छा शक्ति रखते हैं। अपने एक्सटेंडेड रियलिटी और वर्चुअल रियलिटी, कौशल का प्रदर्शन करते हुए न सिर्फ नए युवा बल्कि अनुभवी टेक्नोमेडिया कंपनियाँ दोनों को ही क्रमश: बाज़ार और मनोरंजक व रचनात्मक सामग्री वेव्स के मंच के माध्यम से मिल रही है। मीडिया व मनोरंजन जगत के साथ साथ देश दुनिया की स्ट्रीमिंग तथा प्रसारण जैसी तकनीक आधारित फर्म्स के लिए भी भविष्य के अनोखे क्रिएटर्स की परख मील का पत्थर है।

क्रिएटर्स की एक और टीम ने हमारी ऑनलाइन खरीददारी में वास्तविक दुनिया के वाणिज्य का अहसास देने के लिए वीआर का उपयोग किया है, ताकि आप को मात्र कुछ तस्वीरों से उत्पाद का त्रिविमीय अनुभव कराया जा सके। प्रौद्योगिकी से प्रेरित एक अन्य क्रिएटिव प्रतियोगी कम्पनी ने योगाभ्यास करने वालों की दोषपूर्ण मुद्राओं के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता समाधान के रूप में एक्सआर का उपयोग करके फिटनेस फ्रीक लोगों की योग मुद्राओं को दुरुस्त करने का एक समाधान, पोज़पर्फेक्ट, निकाला है। ये क्रिएटिव प्रयास है, जो वास्तविक समय की एक समस्या है का समाधान देकर आपकी हमारी जीवनशैली सुधारता है। उचित सहायता और मार्गदर्शन के साथ युवा रचनात्मकता भारत को वर्ल्ड कॉन्टेंट हब के रूप में स्थापित कर सकती है। हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ा सकती है। साथ ही वेव्स दुनिया भर में रोजगार के अवसरों का सृजन कर सकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के क्रिएट इन इंडिया, क्रिएट फॉर द वर्ल्ड के विजन को वेव्स के माध्यम से साकार किया जा सकता है। भारत के दूरदराज के इलाकों के कोडर भी वेव्स के तहत सीआईसी चैलेंज से लाभान्वित हो रहे हैं। वेव्स के मंच पर अपने कोडिंग कौशल की पहचान की बदौलत कश्मीर के एक 16 वर्षीय लड़के ने खुद का स्टार्टअप बनाने के सपनों को आकार देना शुरू कर दिया है। ००

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि- आज आप पिता का कोई जरूरी काम पूरा कराएंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में और मधुरता बढ़ेगी। आज आपके मन में नए-नए विचार आएंगे,

वृष राशि- आज नवरात्र के नौवें दिन भगवान श्रीराम की कृपा आप पर बनी रहेगी। आज आप सभी कार्यों में बहुत हद तक सफल रहेंगे। इस राशि की महिलाओं को आज के दिन खुशखबरी मिलेगी।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज प्रॉपर्टी लेने का मन बनाएंगे। रुका हुआ काम पूरा होने से आपको खुशी मिलेगी। शाम तक आपको शुभ समाचार प्राप्त होगा, जिससे घर का माहौल खुशियों से भर जाएगा।

कर्क राशि- घरवालों के सहयोग से आप हर चीज़ को अच्छे से संभालने में सफल होंगे। आज आप किसी बात को लेकर विचारों में खोए रहेंगे। आज नए लोगों से आपकी मुलाकात होगी, जो आगे चलकर आपके व्यापार में धन लाभ कराएंगे।

सिंह राशि- आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपको कुछ जरूरी कार्यों में दोस्तों की मदद मिलेगी। कई दिनों से रुका हुआ पैसा आज आपको वापस मिलेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर परिणाम लेकर आया है।

कन्या राशि- आपको अपनी कार्य कुशलता में बढ़ोतरी करने की जरूरत है। आज लोगों के बीच आपके काम की तारीफ होगी। वहीं आर्थिक लाभ पाने के लिए आज आपको थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आप किसी नए कार्य को लेकर योजना बनाएंगे।

तुला राशि- आज बच्चों के किसी काम में आपके पैसे खर्च होंगे। आपके व्यवहार से लोग आज काफी प्रभावित होंगे। लोगों से आपको काम में मदद मिलेगी।

वृश्चिक राशि- अगर आप किसी से अपने दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन आपके लिये बहुत ही अच्छा रहने वाला है। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी, इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

धनु राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपके परफॉरमेंस से लोग प्रभावित होंगे। व्यवसाय में आपको फायदा हो सकता है। ऑफिस में किसी जरूरी काम को पूरा करने के लिए सहकर्मी की मदद मिलेगी।

मकर राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप अपने जीवनासाथी से बिजनेस की बात शेयर करेंगे। पारिवारिक काम को पूरा करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा।

कुंभ राशि-आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप नया बिजनेस शुरू करने के बारे में सोचेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

मीन राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे।



सनी देओल की धमाकेदार एक्शन फिल्म जाट 10 अप्रैल को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। गोपीचंद मालिनेनी द्वारा निर्देशित इस एक्शन-थ्रिलर फिल्म में रेगेना कैसांद्रा, उर्वशी रौतेला, रणदीप हुड्डा और विनीत कुमार सिंह मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म को सनी देओल के प्रशंसकों और फिल्म देखने वालों से जबरदस्त सकारात्मक समीक्षा मिली है। फिल्म के पहले दिन के पहले शो खत्म होने के तुरंत बाद, सनी देओल के प्रशंसक और फिल्म देखने वाले एक्स ( पहले ट्विटर ) पर फिल्म की समीक्षा साझा करने से नहीं चूके।



# फ्लोरल ड्रेस में भोजपुरी स्टार मोनालिसा ने ढाया कहर, कातिल अदाओं पर फिदा हुए फैंस



भोजपुरी इंडस्ट्री की ग्लैमरस क्वीन मोनालिसा इन दिनों छुट्टियां मना रही हैं और सोशल मीडिया पर अपनी दिलकश तस्वीरों से फैन्स का दिल जीत रही हैं. हाल ही में मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पर कुछ बेहद स्टनिंग तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें वह फ्लोरल प्रिंट की स्लीवलेस ड्रेस में नजर आ रही हैं. इन तस्वीरों में मोनालिसा का अंदाज़ बेहद बोल्ड और ग्लैमरस दिखाई दे रहा है. पिंक और व्हाइट फ्लोरल ड्रेस में मोनालिसा बेंच पर लेटी हुई पोज देती नजर आईं. उनका कॉन्फिडेंस और कैमरे के लिए सहजता फैंस को दीवाना बना रही है. मोनालिसा ने अपने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा, उन पलों को कैद करें जो आपके दिलों को मुस्कुराहट दे और उनकी यह स्माइल वाकई फैंस के चेहरे पर मुस्कान ला रही है.

फैंस कमेंट सेक्शन में लगातार हार्ट और फायर इमोजी के जरिए अपने प्यार का इज़हार कर रहे हैं. किसी ने उन्हें गॉर्जियस कहा तो किसी ने उनकी अदा को किलर बताया. बताते चलें कि मोनालिसा न सिर्फ भोजपुरी बल्कि टीवी इंडस्ट्री में भी एक जाना-पहचाना नाम हैं. अपने फैशन और स्टाइल सेंस से वह हमेशा सुर्खियों में रहती हैं.

### फिल्म किस किसको प्यार करूं 2 का दूसरा पोस्टर रिलीज, कपिल शर्मा संग दिखी रहस्यमयी दुल्हन

कपिल शर्मा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म किस किसको प्यार करूं 2 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म का पहला पोस्टर भी रिलीज हो चुका है। निर्माताओं ने इससे पहले ईद के मौके पर फिल्म का पोस्टर जारी किया था।

वहीं, अब राम नवमी के शुभ अवसर पर फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। किस किसको प्यार करूं 2 के निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा, आप सभी को श्री राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं। इस पोस्टर में कपिल शर्मा एक दूल्हा बने एक रहस्यमयी महिला के साथ हाथ जोड़े पोज दे रहे हैं। यह शादी का सेटअप हिंदू रीति रिवाजों के अनुसार है।

# तारा सुतारिया ने सीफूड सैटरडे का लुत्फ उठाया

बॉलीवुड अभिनेत्री तारा सुतारिया ने अपने घर पर सीफूड सैटरडे का लुत्फ उठाया। सप्ताहांत के लिए मेन्यू में जेरेश्क बेरीज के साथ पुलाव के बिस्तर पर परोसा गया मेमना, बटरी गार्लिक क्रैब और प्रॉन कॉकटेल, स्ट्रॉबेरी, अखरोट, रॉकेट/अरुगुला सलाद के साथ हनी बाल्समिक ड्रेसिंग और चेरी टमाटर, नींबू, लहसुन, मसालेदार एंकोवी पेस्ट के साथ प्रॉन स्पेगेटी शामिल थे।

तारा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, घर पर मैंने बहुत सारा बटरी गार्लिक क्रैब और प्रॉन कॉकटेल पकाया (तस्वीर में नहीं है क्योंकि हमने इसे किसी के फोटो खींचने से पहले ही खा लिया!) स्ट्रॉबेरी, अखरोट, रॉकेट/अरुगुला सलाद शहद बाल्समिक ड्रेसिंग के साथ और पिया ने चेरी टमाटर, नींबू, लहसुन, मसालेदार एंकोवी पेस्ट के साथ एक प्यारा प्रॉन स्पेगेटी बनाया! सीफूड और हमारे सबसे पुराने दोस्तों के साथ शानदार व्हाइट ग्लास... इससे ज्यादा और क्या चाहिए। अभिनेत्री ने कहा, आखिरी तस्वीर में मैंने पहली बार पकाए गए लैम का एक बेहतरीन लेग पीस दिखाया है। जेरेश्क बेरीज के साथ पुलाव की परत पर परोसा गया, यह लाजवाब था। इससे पहले, तारा ने खुशी के बारे में अपने विचार बताए। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक




मजेदार वीडियो शेयर किया, जिसमें वह काले और सफेद धारीदार नाइट सूट में मस्ती करती नजर आ रही थीं। इस स्टनर ने 80 के दशक के सिंथ-पॉप ट्रैक पर शानदार लिप-सिंक किया। उनकी पोस्ट का शीर्षक था, अपने पुराने दोस्तों के साथ अपने पीजे में बैठकर 80 के दशक के अपने पसंदीदा गाने बजाने जैसा कुछ नहीं... बहुत ही आनंददायक!!!! (यदि आप इंट्रो पर लिप सिंक नहीं करते हैं तो हम दोस्त नहीं बन सकते!!!)

## सनी देओल की फिल्म जाट का दूसरा गाना रिलीज, रग-रग में जोश भर देगा ओ रामा श्रीरामा

गदर-2 के बाद सिनेमाई परदे पर जाट के जरिये नजर आने वाले सनी देओल की फिल्म के निर्माताओं ने रामनवमी के शुभ अवसर पर फिल्म का दूसरा गीत ओ रामा श्रीरामा जारी किया है। राम भक्ति से सराबोर इस गीत को सुनने व देखने के बाद बरबस ही श्रोता के मुख से जयश्रीराम का उद्घोष होता है। यही उद्घोष फिल्म की सफलता का संकेत देता है।

सनी देओल को बॉलीवुड में 45 साल हो गए हैं। दर्शकों के बीच आज भी उनका क्रेज ज्यों का त्यों बना हुआ है। खास तौर से साल 2023 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज हुई देशभक्ति के रंग में रंगी उनकी फिल्म 'गदर 2' से एक बार फिर उनका जादू चल गया। इसमें दर्शकों को सनी का तूफानी अंदाज बहुत पसंद आया, जिसके लिए वे मशहूर हैं। इस फिल्म के बाद से ही लोग उनकी अगली फिल्म के लिए बेकरार नजर आ रहे हैं। सनी फिलहाल 'जाट' फिल्म को लेकर जबरदस्त सुर्खियों में हैं। हाल ही इसका ट्रेलर रिलीज हुआ था, जिसमें सनी फुल एक्शन अवतार में दिखे। फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में धूम मचाने के लिए तैयार है। इससे पहले मेकर्स ने रामनवमी के खास मौके पर फिल्म का दूसरा गाना 'ओ रामा श्रीरामा' रिलीज कर दिया। भगवान श्रीराम की स्तुति में बना यह गाना सामने आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। गाने में देखा जा सकता है कि सनी एक जुलूस के बीच चलते हैं, जहां लोग श्रीराम के बारे में गा रहे हैं और झूमकर नाच रहे हैं। गाने का संगीत थमन एस. ने तैयार किया है, जो एनर्जी से भरपूर है। इसके बोल अद्वितीय वोज्जला और श्रुति रंजनि ने लिखे हैं। इसे धनुंजय सीपना, साकेत कोम्माजोस्युला, सुमनस कसुला, सात्विक जी राव और वाग्देवी कुमारा ने अपनी आवाज से सजाया है। इससे पहले फिल्म के पहले गाने 'टच किया' पर भी फैंस ने भरपूर प्यार लुटाया, जिसमें उर्वशी रौतेला धमाकेदार डांस करती दिखीं। फिल्म के राइटर और डायरेक्टर गोपीचंद मालिनेनी हैं। इसमें रणदीप हुड्डा, विनीत कुमार सिंह, रेजिना कैसेंड्रा, सैयामी खेर और स्वरूपा घोष की भी अहम भूमिका है।

# सलमान खान की सिकंदर की बॉक्स ऑफिस पर हालत खराब, छावा का जलवा बरकरार

सलमान खान फिल्म सिकंदर को लेकर सुर्खियों में हैं और चर्चा इसलिए हो रही है, क्योंकि उनकी इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर हाल-बेहाल है।

पहले ही दिन से दर्शकों के लिए संघर्ष कर रही जब यह फिल्म रिलीज नहीं हुई थी तो लग रहा था कि ये छावा के रिकॉर्ड भी तोड़ देगी, लेकिन फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर इतने निराशाजनक प्रदर्शन ने सलमान के साथ-साथ उनके प्रशंसकों को भी हैरान कर दिया।

आइए इसकी कुल कमाई जान लें।

इस फिल्म ने पहले दिन 26 करोड़ रुपये की ओपनिंग की, जो सलमान की स्टार पावर के हिसाब से कम मानी गई। दूसरे दिन ईद की छुट्टी के बावजूद फिल्म ने सिर्फ 29 करोड़ रुपये कमाए।

तीसरे दिन फिल्म 19.5 करोड़ रुपये पर सिमट गई। चौथे दिन 9.75 करोड़, पांचवें दिन 6 करोड़ रुपये की कमाई के बाद फिल्म की रफ्तार और धीमी हो गई और 7वें दिन यह महज 3.75 करोड़ रुपये अपने खाते से जोड़ सकी।

सिकंदर को वीकेंड का भी फायदा नहीं मिला। किसी तरह अब ये 100 करोड़ कमा ले, यही बहुत है, क्योंकि शनिवार के आंकड़े देखकर लगता नहीं कि फिल्म कुछ ज्यादा दम दिखा पाएगी।

सिकंदर ने 7वें दिन 3.75 करोड़ रुपये कमाए, जिससे इसकी कुल कमाई 97.50 करोड़ रुपये हो गई है।

सलमान की पिछली फिल्म टाइगर 3 ने 7वें दिन भारत में 219.4 करोड़ का कारोबार किया था, जबकि सिकंदर 100 करोड़ के आंकड़े को छू तक नहीं पाई है।

लगभग 200 करोड़ रुपये के बजट में बनी सिकंदर बॉक्स ऑफिस पर अपनी आधी लागत तक वसूल नहीं कर पाई है।

इसक हालत देख कई सिनेमाघरों ने इसके शो घटा दिए हैं। कुछ जगहों पर तो इसे हटाकर दूसरी फिल्में जैसे एल2 एम्पुरान या दूसरी दक्षिण भारतीय फिल्में लगाई जा रही हैं।

एआर मुरुगदॉस फिल्म के निर्देशक तो साजिद नाडियाडवाला इसके निर्माता हैं।

फिल्म में रश्मिका मंदाना, सत्यराज, काजल अग्रवाल, शरमन जोशी और प्रतीक बब्बर जैसे कलाकार भी हैं।

छावा बॉक्स ऑफिस पर अपनी शानदार पारी जारी रखे हुए है।

शनिवार यानी 5 अप्रैल को फिल्म ने 90 लाख रुपये की कमाई की। इसके साथ ही छावा का कुल कारोबार अब 597.15 करोड़ रुपये हो गया है। रिलीज के 7 हफ्तों बाद भी फिल्म दर्शकों के बीच अपनी पकड़ बनाए हुए है और लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही है।

इस फिल्म के हीरो विक्की कौशल तो हीरोइन रश्मिका मंदाना हैं, वहीं अक्षय खन्ना विलेन की भूमिका में दिखे हैं।

### ट्रेलर से पहले मेकर्स ने जारी किया ग्राउंड जीरो का नया पोस्टर, दुश्मन से भिड़ेंगे इमरान हाशमी

इमरान हाशमी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'ग्राउंड जीरो' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। आतंकवाद पर आधारित इस फिल्म में इमरान हाशमी एक बीएसएफ कमांडर के किरादर में नजर आएंगे। फिल्म को लेकर लोगों में काफी उत्साह है और मेकर्स इस उत्साह को लगातार नए अपडेट देकर बनाए हुए हैं। अब फिल्म के ट्रेलर से पहले मेकर्स ने फिल्म से जुड़ा एक और पोस्टर जारी किया है। फिल्म के मेकर्स ने ट्रेलर से एक दिन पहले फिल्म से जुड़ा एक नया पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में इमरान हाशमी बीएसएफ की वर्दी में नजर आए हैं। जबकि दूसरी ओर एक आतंकवादी छिपा है जो अपने चेहरे को ढके हुए है। इमरान हाशमी और आतंकवादी दोनों के ही हाथ में बंदूक है। जो बीएसएफ और आतंकवादी के बीच की जंग को दर्शाता है। पोस्टर में बीएसएफ के कुछ और जवान भी हाथों में बंदूक लिए नजर आ रहे हैं।

# बालों को गहराई से हाइड्रेट करने में सहायक होता है आंवला का तेल, ऐसे करें इस्तेमाल

आंवला का तेल एक प्राकृतिक तेल है, जो खोपड़ी यानि सिर की त्वचा को नमी प्रदान कर सकता है। यह तेल विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है, जो बालों की जड़ों को मजबूत करते हैं और सिर को नमी प्रदान करते हैं।

इसके नियमित उपयोग से बालों की देखभाल में मदद मिलती है और उनकी गुणवत्ता में सुधार होता है। आप इन 5 तरीकों इस तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं और बालों को स्वस्थ बना सकते हैं।

गर्म करके उपयोग करें

आंवले के तेल को हल्का गर्म करके खोपड़ी पर लगाएं। इससे खून का बहाव बढ़ता है और पोषक तत्व त्वचा तक जल्दी पहुंचते हैं।

इसे लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें, जिससे तेल अच्छे से बालों में अवशोषित हो जाएगा। 30 मिनट तक छोड़ने के बाद बालों को शैंपू से धो लें।

यह प्रक्रिया हफ्ते में 2 बार दोहराएं, ताकि आपके बाल मुलायम और चमकदार बने रहें। आंवले का तेल बालों को प्राकृतिक रूप से स्वस्थ रखेगा।



रातभर लगाकर रखें

अगर आप आंवले के तेल को रातभर बालों में लगाए रहेंगे तो आपको ज्यादा फायदा मिलेगा। सोने से पहले आपने सिर पर इस तेल की मालिश करें और बालों को ढीला बांधकर सो जाएं।

सुबह उठकर शैंपू और कंडीशनर लगाकर बाल धो लें। इससे बाल और सिर की त्वचा में नमी बनी रहेगी और उनकी गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

नियमित उपयोग से आपके बालों का झड़ना भी कम हो जाएगा और वे लंबे भी हो जाएंगे।

हल्के हाथों से मालिश करें

आंवले का तेल लगाते समय हल्के हाथों से ही मालिश करें, ताकि खून का बहाव बेहतर हो सके। ऐसा करने से न केवल खोपड़ी को पोषण मिलता है, बल्कि तनाव भी कम होता है।

मालिश करते समय ध्यान रखें कि तेल हर हिस्से तक पहुंचे और जड़ों में भी अच्छी तरह प्रवेश कर जाए। यह प्रक्रिया बालों की जड़ों को मजबूत बनाती है और उन्हें प्राकृतिक रूप से स्वस्थ रखती है।

हफ्ते में 2 बार इस्तेमाल करें

हफ्ते में कम से कम 2 बार आंवले का तेल इस्तेमाल करें। इसके नियमित इस्तेमाल से ही आपको इसके सभी फायदे मिल सकेंगे।

ऐसा करने से आपके बाल नमी से भरपूर रहेंगे और उनकी गुणवत्ता में भी सुधार हो सकेगा। नियमित उपयोग से बालों की जड़ों को मजबूती मिलती है और वे स्वस्थ दिखाई देते हैं।

इसके अलावा, इस तेल को लगाने से बालों का टूटना, उलझना और रूखा होना भी कम हो जाता है।

# दिल को स्वस्थ रखने के लिए रोजाना कुछ देर करें मत्स्यासन, जानें फायदे और सही तरीका



मत्स्यासन एक लोकप्रिय योगासन है, जो शरीर के लचीलापन और ताकत को बढ़ाता है। इस योग अभ्यास के जरिए दिल के स्वास्थ्य को भी फायदा पहुंचता है।

इस आसन को करने से हृदय में होने वाले रक्त प्रवाह में सुधार होता है और तनाव कम हो जाता है। इस लेख में हम जानेंगे कि मत्स्यासन को करने का सही तरीका क्या है।

साथ ही, हम समझेंगे कि इसके अभ्यास से दिल को स्वस्थ रखने में कैसे मदद मिलती है।

मत्स्यासन करने का सही तरीका

इस आसान को करने के लिए सबसे पहले जमीन पर पीठ के बल लेट जाएं। अब अपने पैरों को थोड़ा फैलाकर रखें। इसके बाद अपने हाथों को कमर के पीछे जोड़ लें।

अब सांस लेते हुए अपने सीने को ऊपर उठाने की कोशिश करें और सिर को पीछे की ओर झुकाएं, ताकि सिर जमीन पर लगे।

इस अवस्था में कुछ मिनट तक बने रहें और धीरे-धीरे वापस सामान्य अवस्था में आ जाएं।

जानिए यह दिल को कैसे पहुंचाता है फायदा

मत्स्यासन का अभ्यास करने से रक्त प्रवाह को बढ़ाने और बेहतर बनाने में मदद मिलती है। जब हम इस आसन को करते हैं तो हमारा सीना हल्का फैलता है, जिससे रक्त की गति बेहतर होती है।

इससे हृदय की कार्यक्षमता बढ़ती है और यह अधिक प्रभावी ढंग से काम करता है। इसके अलावा, यह आसन तनाव को कम करता है, जो हृदय रोग के खतरे को घटाने में मदद कर सकता है।

नियमित अभ्यास से मिलेंगे ये फायदे

कोई भी योगासन तभी असरदार होता है, जब उसका नियमित अभ्यास किया जाए। मत्स्यासन के लाभ हासिल करने के लिए इसे रोजाना करने का प्रयास करें।

इससे न केवल हृदय स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक स्थिति भी बेहतर होती है। इसके नियमित अभ्यास से शरीर में लचीलापन आता है और लोग अधिक ऊर्जावान महसूस करने लगते हैं।

इसके अलावा, यह आसन आपकी पाचन क्रिया को भी सुधारता है, जिससे संपूर्ण स्वास्थ्य में सुधार होता है।

मत्स्यासन करते समय बरतें ये सावधानियां

मत्स्यासन करते समय कुछ सावधानियां बरतना जरूरी है, ताकि चोट से बचा जा सके। अगर आपकी पीठ या गर्दन में दर्द है तो इस आसन को न करें।

गर्भवती महिलाओं को भी यह आसन नहीं करना चाहिए। इसके अलावा, अगर किसी को उच्च रक्तचाप या हृदय रोग हो तो डॉक्टर की सलाह लेकर ही इसे करें।

इसे करते समय जल्दबाजी न करें, वार्ना आप चोटिल हो जाएंगे और आपके पैर या हाथ में मोच आ जाएगी।

## शब्द सामर्थ्य -011

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 010 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | टट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) थाना मदनमहल में श्रीमती रोशनी मेहता उम्र 45 वर्ष निवासी बगीचा नम्बर 93 गोराबजार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह महाकौशल अस्पताल राईट टाउन में आया का काम करती है वह अपने घर गोराबजार से आटो से नव भारत तिराहा पेट्रोल पम्प के पास उतरकर पैदल महाकौशल अस्पताल काम पर जा रही थी दाहिने कंधे में लेडिज बैग टांगी थी जैसे ही नव भारत तिराहा के आगे सरदार छोला भटूरा की दुकान के पास पहुँची तभी पीछे से मोटर सायकल में 2 लड़के जिनकी उम्र लगभग 17-18 वर्ष होगी आये और पीछे बैठे लड़के ने झपट्टा मारकर उसका बैग लेकर राईट टाउन स्टेडियम तरफ भाग गये।

**सर्वेक्षण में अव्वल आने छुट्टियों के दिन भी लगातार किया जा रहा है कार्य किया जा रहा है - सभी विभाग आपसी तालमेल और समन्वय के साथ स्वच्छता के लिए करेगें कार्य - निगमायुक्त प्रीति यादव**

# स्वच्छता में वाटर प्लस रैंकिंग के लिए नगर निगम है तैयार - निगमायुक्त प्रीति यादव





**निगमायुक्त प्रीति यादव ने नगर निगम के स्वास्थ्य एवं सीवर विभाग के सभी अधिकारियों के साथ मानस भवन के छोटा हाल में की आगामी वाटर प्लस एवं जी एफ सी स्तर रेटिंग सर्वे की तैयारियों की समीक्षा बैठक ¬निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप कार्य करने संबंधितों को दिये निर्देश**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के मार्गदर्शन में वाटर प्लस प्राप्त करने के लिए इस वर्ष नगर निगम का पूरा अमला तैयार है। इसके लिए निगमायुक्त श्रीमती यादव के द्वारा लगातार निरीक्षण भी किया जा रहा है और बैठकें भी की जा रही हैं। इसी तारतम्य में आज निगमायुक्त द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की गई और निर्देशित किया गया कि सभी विभागीय प्रमुख एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी आपसी समन्वय एवं तालमेल के साथ शहर हित में स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करेगें जिससे कि जबलपुर भी स्वच्छता प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त कर सके। उन्होंने सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप तय समय सीमा में जमीनी स्तर पर परीक्षण करते हुए कार्यो को पूर्ण कराए। समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने आगामी जी.एफ.सी. स्टार रेटिंग 2024 एवं वाटर प्लस की तैयारियों का जायजा लेने मानस भवन के छोटा हाल में स्वास्थ्य विभाग के उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल,सभी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक एवं सीवर विभाग सभी इंजिनियर एवं अन्य सभी सबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में आगामी वाटर प्लस के अंतर्गत आने वाले सभी एस टी पी, एफ एस टी पी प्लांट्स, सभी सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों, सीवर लाइन, सिटी प्रोफाइल के सभी नाले एवं नालियों, तालाबों, घाटों की तैयारियों के सम्बन्ध में सभी मापदंडों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन संभव अयाची ने विस्तार से वाटर प्लस के सभी घटकों, उन घटकों में अर्जित किये जाने वाले अंकों एवं विभाग वार किये जाने वाले दायित्वों के सबंध में एक विस्तृत पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन की सहायता से सभी को उनके दायित्वों के बारे में एवं शहरहित में वाटर प्लस के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण में अव्वल आने छुट्टियों के दिन भी लगातार कार्य किया जा रहा है। समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल, सहायक नोडल अधिकारी एस बी एम अभिनव मिश्रा, प्र.कार्यपालन यंत्री संजय कुशवाहा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक, एवं समस्त स्वास्थ्य अमला, सीवर डिपार्टमेंट आदि उपस्थित रहे।

# हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में 465 वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा 12 को

**भगवान हनुमान जी महाराज का चल चित्र चलेगा साथ में**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक पूर्णिमा को निकल जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा 12 अप्रैल चैत्र पूर्णिमा पर प्रात 6¬00 बजे परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में पूज्य संत महात्माओं के सानिध्य में निकाली जाएगी बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज के सानिध्य में होगा एवं विशाल भंडारे के साथ परिक्रमा का समापन होगा उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल संरक्षक श्रीमती सुषमाशंकर पटेल मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान मनोज गुलब्बानी सुरेश विश्वकर्मा कैलाश विश्वकर्मा विशाल पड्या आदि ने की है

# खडे ट्रक की बैटरी चुराने वाले आरोपी की तलाश

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना अधारताल में मोह. इमरान उम्र 33 वर्ष निवासी साउथ सिविल लाईन निवासी करोंदा बाईपास ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसका आफिस करोंदा बाईपास अधारताल में है उसमें दिनॉक 8-4-25 की शाम लगभग 7-30 बजे उसका ट्रक क्रमांक एमपी 20 जीए 7016 को अपने आफिस के सामने खड़ा किया था कोई अज्ञात व्यक्ति उसके ट्रक की दोनो बैटरी कीमती 10 हजार रूपये की चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# ग्रीष्म ऋतु में लू के प्रकोप से बचाव के लिए एडवायजरी जारी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण् संजय मिश्रा ने नागरिकों से अपील की है कि लू ;तापघातद्ध के लक्षण दिखाई देते ही निकट के अस्पताल में संपर्क कर आवश्यक दवा का उपयोग सुनिश्चित करें। लू के प्रकोप से बचाव के उपाय करें। उन्होंने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में लू लगने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती है। वृद्धए बच्चेए खिलाड़ीए धूप में काम करने वाले श्रमिक सर्वाधिक खतरे में रहते हैं। पसीना न आनाए गर्म.लाल एवं शुष्क त्वचाए मतलीए सिरदर्दए थकानए चक्कर आनाए उल्टियां होनाए बेहोश हो जाना एवं पुतलियां छोटी हो जाना लू के प्रमुख लक्षण एवं संकेत हैं। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉण् विनीता उप्पल ने बताया कि गर्मी व लू से बचाव के लिए खूब पानी पीये व खाली पेट न रहेंए शराब व चाय.कॉफी के अधिक सेवन से बचेंए ठण्डे पानी से नहाएंए सर ढके व हल्के रंग के ढीले व पूरी बांह के कपड़े पहनेए बच्चों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़ेए दोपहर में 12 से 04 के मध्य बाहर जाने से बचेंए धूप में नंगे पाँव न चलेंए बहुत अधिक परिश्रम वाले कार्य न करें। बाहर निकलना आवश्यक हो तो छतरी व धूप के चश्मे का उपयोग करेंए धूप में निकलने से पहले कम से कम दो गिलास पानी अवश्य पीयेए बुखार व लू लगने पर निकट के अस्पताल में संपर्क कर आवश्यक दवा का उपयोग सुनिश्चित करें। ओण्आरण्एसण् का घोलए नारियल पानीए छाछए नींबू पानीए फलों का रस इत्यादि का सेवन लाभदायक होता है। इनका सभी उपायों का उपयोग कर गर्मी के प्रभाव से बचा जा सकता हैं।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों में मनाया गया पोषण परखवाड़ा





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना के मार्गदर्शन में महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पंखवाड़ा के तृतीय दिवस आज जिले के समस्त 2486 आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया गया। पोषण ट्रैकर पर लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाने तथा जीवन के प्रथम 1000 दिवस के महत्व थीम पर आधारित विविध गतिविधियों का आयोजन परियोजना तथा आंगनबाड़ी केंद्र स्तर पर किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य पोषण की डिजिटल निगरानीए बच्चों में एनीमिया रोकथाम तथा डायरिया प्रबंधन करना है। आंगनबाड़ी केंद्र में क्षेत्र अंतर्गत बच्चोंएकिशोरी बालिका तथा महिलाओं को एकत्रित कर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य जन समुदाय में पोषण के प्रति जागरूकता एवं सही पोषण के लिए जनसमुदाय को प्रेरित करना था। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चोंए किशोरी बालिकाओं तथा महिलाओं हेतु एनीमिया जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एएनएम द्वारा किशोरियों तथा बच्चों का हीमोग्लोबिन स्तर की जांच की गई और उन्हें आयरन की गोलियो और सिरप का वितरण किया गया। महिलाओंए किशोरी बालिकाओं तथा बच्चों के साथ पोषण संवाद का आयोजन भी किया गया। जिसमें पर्यवेक्षकएआंगनबाड़ी कार्यकर्ताए एएनएम द्वारा गर्भवतीए धात्री माताओए किशोरी बालिकाओ एवं बच्चो को एनीमिया क्या हैघ् इसके दुष्परिणामए इसके लक्षण तथा इससे बचाव के तरीके आदि विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी सांझा की। इसके साथ ही बच्चों में दस्त प्रबंधन के लिए ओआरएस एवं जिंक अनुपूरण के महत्व पर चर्चा की गई। ओआरएस बनाने की विधि का प्रदर्शन भी किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकर्ताए आशा तथा पर्यवेक्षक द्वारा हाथ धुलाई के 6 चरण हाथ धोने का सही तरीका का प्रदर्शन भी किया गया। विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में बैनर तथा पोस्टर के माध्यम से पोषण ट्रैक्टर के हितग्राही माड्यूल का प्रदर्शन कर इसके महत्व के बारे में भी लोगों को अवगत कराया गया।

# ट्रांसमिशन लाइन के प्रतिबंधित सीमा मार्ग में अनधिकृत निर्माण करने के कारण हुई दुर्घटना



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की 220 के व्ही सबस्टेशन जबलपुर से निकलने वाली 132 के व्ही व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर ट्रांसमिशन लाइन के प्रतिबंधित मार्ग सीमा में भवन मालिक दीपक पटेल पिता चंद्रिका प्रसाद पटेल, सरस्वती कालोनी, टी आई बंगला के पीछे, महाराजपुर निर्माण कार्य करवा रहे थे। इस मानव जीवन के लिए घातक क्षेत्र में अनाधिकृत निर्माण करने के कारण मिस्त्री शेख इशाक गंभीर दुर्घटना का शिकार हुआ। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता श्री संदीप गायकवाड़ ने बताया कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा इन्हें वर्ष 2022 ,2023 और अक्टूबर 2024 में नोटिस जारी किए गए थे। इन क्षेत्र में सार्वजनिक मुनादी के अलावा एमपी ट्रांसको के अधिकारियों और कर्मचारियों ने यह निर्माण न करने के लिए उन्हें व्यक्तिगत स्तर अनेक बार समझाइश भी दी थी। श्री गायकवाड़ ने जानकारी दी कि एमपी ट्रांसको अब स्थानीय प्रशासन की मदद से इस निर्माण को अलग करने के लिए कार्रवाई करेगा। इस दुर्घटना के कारण 132 के व्ही व्हीकल फैक्ट्री सबस्टेशन में लगभग 30 मिनट का व्यवधान रहा। मामले की जानकारी संबंधित पुलिस थाने में दे दी गई है।

**भगवान महावीर स्वामी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजन का यह 30 वां वर्ष, सदस्यों ने किया मिष्ठान्न व आइस्क्रीम का वितरण**

# सिविक सेंटर व्यापारी संघ ने किया शोभायात्रा का भव्य स्वागत





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भगवान महावीर स्वामी की जयंती के उपलक्ष्य में सिविक सेंटर व्यापारी संघ द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया। मालवीय चौक स्थित अंजुमन स्कूल के सामने समिति द्वारा विशाल स्वागत पंडाल लगाया गया। संघ के अध्यक्ष प्रशांत जैन ने बताया कि यह आयोजन का 30 वां वर्ष रहा। इस दौरान भगवान महावीर का %जियो और जीने दो % संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। गरिमामय आयोजन में सिविक सेंटर व्यापारी संघ के सदस्यों का उत्साह देखते ही बना। इस दौरान आइसक्रीम व खोवे की जलेबी का वितरण किया गया। जबलपुर के सांसद आशीष सिंह एवं भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, पूर्व पार्षद अमित जैन,अनिल दानी, प्रवीण स्वास्तिक, शिरीष जैन, संकल्प, अनुराग जैन ट्रांसपोर्ट, जबलपुर जैन समाज के अध्यक्ष कैलाशचंद जैन एवं कांग्रेस के अमरीश मिश्रा,अयोध्या तिवारी, दिनेश यादव का स्वागत मंच से किया गया। आयोजन में सिविक सेंटर व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रशांत जैन, उपाध्यक्ष बल्लू जैन, पवन समदड़िया, संजय जैन, प्रभात कुमार जैन, जिनेंद्र कुमार जैन,संतोष कुमार जैन रानू भाई तारादेही वाले, कमलेश जैन,अनिल जैन, विशाल जैन, रतन जैन,मनीष कुमार जैन, मामू भाई, विकास कुमार जैन खेमचंद जैन, टीनू जैन,रितेश जैन,संदीप जैन, राकेश, मनीष एसटीडी, अनु जैन, भद्दू जैन, संजय टीनू, पवन विनोद इन सभी का पूर्णतया सहयोग रहा।

**शिक्षा से ज्ञान, ज्ञान से चरित्र, और चरित्र से राष्ट्र का निर्माण विषय पर स्थापना दिवस कार्यक्रम केंद्रित रहा**

# शिक्षक के परिवर्तन से ही भारत का परिवर्तन - डॉ भरत शरण सिंह



**भारतीय शिक्षण मंडल के 56 व स्थापना दिवस का शानदार आयोजन**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय शिक्षण मंडल, महाकौशल प्रांत जबलपुर द्वारा को शास. मोहनदास हरगोविंद महिला महाविद्यालय, जबलपुर अपना 56 वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर % शिक्षा से ज्ञान, ज्ञान से चरित्र, और चरित्र से राष्ट्र का निर्माण।% विषय पर व्याख्यान आयोजित किए गए, स्थापना दिवस समारोह के मुख्यअतिथि डॉ. राजेश वर्मा कुलगुरू, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर, मुख्यवक्ता डॉ. भरतशरण सिंह अखिल भारतीय महामंत्री, भारतीय शिक्षण मंडल अध्यक्ष, निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल, मध्य प्रदेश सारस्वत अतिथि श्री नागेन्द्र जी (प्रचारक) क्षेत्र वौद्धिक शिक्षण प्रमुख, मध्यक्षेत्र, अध्यक्षता डॉ. समीर शुक्ला प्राचार्य, शा. मोहनलाल हरगोविंददास गृह विज्ञान महा. जबलपुर एवं डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह गौतम, प्रांत अध्यक्ष, महाकौशल प्रांत, डॉ. कमलेश मिश्र प्रांत मंत्री, महाकौशल प्रांत, डॉ क्लीन राय, महिला प्रमुख महाकौशल प्रांत आदि मंचासीन रहे, कार्यक्रम की शुभारंभ में माननीय अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं भारत माता की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन अर्चन किया गया, इसके उपरांत ध्येय श्लोक,ध्येय वाक्य का वाचन किया गया,

मुख्यवक्ता डॉ. भरतशरण सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय ज्ञान संपदा को आज गमले में नहीं धरती में उतरने की आवश्यकता है ताकि वट वृक्ष का स्वरूप ले सके, सकारात्मक व रचनात्मक ज्ञान की पुष्प को परंपरा में लाने की अति आवश्यकता है हमें कर्मवीर व कर्मयोगी बनना होगा, आपने बताया कि शिक्षक के परिवर्तन से भारत का परिवर्तन संभव है अतः हमारे शिक्षकों को बदलना होगा नवीनतम नवाचार को अपनाते हुए सभी विषयो में समष्टि ज्ञान के साथ समन्वित सामंजस्य बनाते हुए आगामी पीढ़ी को भारत की धरोहर एवं ज्ञान संपदा को प्रदान करने के साथ ही शिक्षा में भारतीयता लाने की अति आवश्यकता है,

मुख्य अतिथि डॉ. राजेश वर्मा कुलगुरू, ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत की ज्ञान परंपरा, मूल्यो पर केंद्रित भारत हित में होनी चाहिए , आपने बताया कि भारत में पीढ़ियों से चलती परंपरा के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं इसमें शिक्षा से ज्ञान , ज्ञान से चरित्र, और चरित्र से राष्ट्र का निर्माण की महती आवश्यकता है, सारस्वत अतिथि श्री नागेन्द्र जी (प्रचारक) क्षेत्र वौद्धिक शिक्षण प्रमुख, मध्यक्षेत्र, अपने उद्बोधन में कहा कि मानव जीवन में समस्त सुख विद्या से मिलता है इस हेतु भारतीय मन मानस और संस्कृति को शिक्षा में भारतीयता एवं रामत्व की और केंद्रित करना होगा भारतीय ज्ञान संपदा एवं परंपरा को मूल्यो पर केंद्रित व भारत हित में होना चाहिए इस समष्टि दृष्टिकोण के साथ ही आगे बढ़ने की आवश्यकता है क्योंकि राष्ट्र निर्माण राष्ट्र में रहने वाले नागरिकों की नागरिक कर्तव्य एवं राष्ट्र धर्म पर निहित है, आपने कहा कि हमारे आदर्श मर्यादा पुरुषोत्तम राम, भगवान कृष्ण, बुद्ध, महावीर तुलसीदास, महाराणा प्रताप, स्वामी विवेकानंद जी है, समारोह की अध्यक्षता कर रहे डॉ. समीर शुक्ला भारतीय शिक्षा मंडल द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की क्रियान्वयन में महाविद्यालय सतत कार्य कर रहा है इसके साथ ही भारतीय शिक्षण मंडल के 56 में स्थापना दिवस के आयोजन हेतु सभी की प्रशंसा की,

डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह गौतम प्रांत अध्यक्ष, महाकौशल प्रांत, द्वारा कार्यक्रम की शुभारंभ में स्थापना दिवस की प्रस्तावना एवं भारतीय शिक्षण मंडल का विस्तार से परिचय एवं कार्य योजना के बारे में जानकारी प्रदान की गई, डॉ. कमलेश मिश्र प्रांत मंत्री, महाकौशल प्रांत, द्वारा मंचासीन सभी अतिथियों एवं मुख्य वक्ता का विस्तार से परिचय एवं भारतीय शिक्षण मंडल द्वारा भारत केंद्रित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था को पुनः प्रतिष्ठित करने के लिए किए जा रहे भारतीय शिक्षण मंडल के अनेक कार्यों की जानकारी प्रदान की गई कार्यक्रम का सफल आयोजन तीन प्रांत (महाकौशल, मालवा एवं मध्य क्षेत्र) के संगठन मंत्री श्री कौशल प्रताप सिंह जी के सफल मार्गदर्शन मैं आयोजित किया गया, कार्यक्रम के दौरान साहित्य के विमोचन साथ ही साथ ही होम साइंस कॉलेज की छात्राओं द्वारा योगा मेडिटेशन एवं साइबर सिक्योरिटी के विषयों पर लिए गए प्रशिक्षण हेतु प्रमाण पत्रों का सभी मंचासीन अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया, कार्यक्रम का संचालन डॉ शेखर सिंह बघेल, प्रचार प्रमुख भारतीय शिक्षा मंडल महाकौशल प्रांत एवं आभार डॉ ब्रह्मानंद त्रिपाठी, पालक अधिकारी भारतीय शिक्षण मंडल द्वारा किया गया

कार्यक्रम की सफल आयोजन में भारतीय शिक्षण मंडल के डॉ ज्ञानेंद्र त्रिपाठी उपाध्यक्ष, डॉ योगेश मोहन दुबे, कोषाध्यक्ष, डॉ एच एन मिश्रा कोष सह प्रमुख, डॉ ब्रजेश दत्त अरजरिया, सचिव,डॉ धीरेंद्र त्रिपाठी प्रचार सह प्रमुख, डॉ श्वेता नेमा, युवा आयाम सह प्रमुख, डॉ रत्ना मिश्रा, डॉ अनुराग सिंह आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा सरस्वती बंदना की प्रस्तुति डॉ सौम्या त्रिपाठी द्वारा की गई, स्थापना दिवस कार्यक्रम में लगभग 200 से अधिक सदस्यों की भागीदारी रही जिसमें गणमान्य व्यक्ति, जबलपुर के समस्त महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापक, शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही, कार्यक्रम में नरसिंहपुर, सागर, छतरपुर, सतना, जबलपुर, रीवा, छिंदवाड़ा, मंडला, सिवनी आदि जिलों से भारतीय शिक्षण मंडल के कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई स्थापना दिवस कार्यक्रम के उपरांत एक समीक्षा बैठक तीन प्रांत (महाकौशल, मालवा एवं मध्य क्षेत्र) के संगठन मंत्री श्री कौशल प्रताप सिंह जी के अध्यक्षता में संपन्न की गई, जिसमें महाकौशल प्रांत के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही इसमें यह निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही जबलपुर में भारतीय शिक्षा मंडल का कार्यालय प्रारंभ किया जाए एवं गतिविधियों को व्यापकता के साथ आगे बढ़ाया जाए




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना मदनमहल में रात्रि श्रीमती रोशनी मेहता उम्र 45 वर्ष निवासी बगीचा नम्बर 93 गोराबजार ने रिपोर्ट्र दर्ज कराई कि वह महाकौशल अस्पताल राईट टाउन में आया का काम करती है सुबह लगभग 7-30 बजे वह अपने घर गोराबजार से आटो से नव भारत तिराहा पेट्रोल पम्प के पास उतरकर पैदल महाकौशल अस्पताल काम पर जा रही थी दाहिने कंधे में लेडिज बैग टांगी थी जैसे ही नव भारत तिराहा के आगे सरदार छोला भटूरा की दुकान के पास पहुँची तभी पीछे से मोटर सायकल में 2 लड़के जिनकी उम्र लगभग 17-18 वर्ष होगी

# नदी में गिरी स्कॉर्पियो, 4 की मौत 2 की हालत गंभीर

## जबलपुर में अनियंत्रित होकर स्कार्पियो पुल से 30 फीट नीचे नदी में गिरी, शव निकालने के लिए सब्बल से तोड़ना पड़ा गाड़ी का गेट







**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित चरगवां रोड पर आज दोपहर 3.30 बजे के लगभग स्कार्पियो अनियंत्रित होकर पुल से नदी में गिर गई. हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं दो लोगों के शरीर पर गंभीर चोटें आई है. जिन्हे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां पर दोनों की हालत अत्यंत गंभीर बनी हुई है. हादसे की खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने स्थानीय लोगों की मदद से स्कार्पियो के गेट तोड़कर लोगों को बाहर निकाला.

पुलिस अधिकारियों के अनुसार चौकीताल भेड़ाघाट क्षेत्र में रहने वाले युवक आज सफे द रंग की स्कार्पियों से चरगवां होते हुए जबलपुर के लिए रवाना हुए. जब वे सोमती नदी के पुल के गुजर रहे थे, इस दौरान कार चला रहा युवक अपना संतुलन खो बैठा और स्कार्पियो पुल से नदी में गिर गई. कार को गिरते देख आसपास से गुजर रहे लोगों में चीख पुकार मच गई. यहां तक कि आसपास के लोग पहुंच गए, जिनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी लोगों को गेट तोड़कर बाहर निकाला, उस वक्त तक चार युवकों की मौत हो चुकी थी.

दो की हालत अत्यंत गंभीर बनी रही जो बोलने की स्थिति में भी




नहीं थे. जिन्हे तत्काल मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया. मेडिकल में दोनों युवकों की हालत अत्यंत गंभीर बनी हुई है. घटना के बाद पुल पर जाम के हालात निर्मित हो गए थे, दोनों ओर वाहनों की लम्बी लाइन लगी रही. प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो दुर्घटना में स्कार्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसे देख दुर्घटना की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है. वहीं खबर मिलते ही युवकों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे, जिनका रो-रो कर बुरा हाल रहा.

थाना प्रभारी चरगवॉ उप निरीक्षक अभिषेक प्यासी ने बताया कि आज दिनॉक 10-4-25 को सोमती पुलिया के पास एक्सिडेंट होने की सूचना पर हमराह स्टाफ के पहुंचा पुलिया के नीचे एक स्कार्पियो छतिग्रस्त हालत में पडी मिली वाहन में फसे व्यक्ति को स्थानीयजनो की मदद से निकालते हुये सभी को मेडिकल कालेज ले जाया गया।

मेडिकल में मुकेश पटेल उम्र 35 वर्ष निवासी चौकीताल ने बताया कि वह 2 भाई है उसके भाई राजेश पटेल का बेटा सागर आज सुबह 10-30 बजे स्कार्पियो एमपी 04 बीए 6954 में बैठकर चौकीताल से दादा महाराज नरसिंहपुर गया था, वाहन किशन पटेल चला रहा था, स्कार्पियो में राजेन्द्र पटेल, महेंद्र पटेल, जितेन्द्र पटेल, मनोज पटेल बैठे थे उसे मोहल्ले के नित्तू पटेल ने बताया कि स्कार्पियो गाड़ी पुलिया से टकराकर पुलिया के नीचे गिर गयी जिससे गाड़ी में बैठे सभी 6 को चोटे आ गयी जिन्हें मेडिकल लाये है। जहॉ डाक्टर ने चैक कर मनोज पटेल उम 40 वर्ष एवं जितेन्द्र पटेल उम्र 26 वर्ष दोनों निवासी चौकीताल को भर्ती कर लिया तथा भतीजे सागर पटेल उम्र 34 वर्ष एवं राजेन्द्र पटेल उम्र 35 वर्ष , महेन्द्र पटेल उम्र 38 वर्ष सभी निवासी चौकी ताल तथा ड्राईवर किशन पटेल उम्र 40 वर्ष निवासी चौकीताल को मृत घोषित कर दिया। पंचनामा कार्यवाही कर शवों को पीएम हेतु भिजवाते हुये प्रथक-प्रथक मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## कार में दारु की बोतल भी मिली

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** एक धार्मिक स्थल के दर्शन करके लौट रहे एक ही परिवार के छह लोग जिस कार में सवार थे, वह बेकाबू होकर जबलपुर जिले के चरगवां थाना क्षेत्र में पुल की रेलिंग तोड़कर गोमती नदी में जा गिरी। गुरुवार को हुए इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार अत्यधिक तीव्र गति से आ रही थी। चूंकि कार के अंदर शराब की बोतल, एक बकरा और एक मुर्गा मिला है, इसलिए कार चालक के नशे में होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। समझा जा रहा है कि बकरे और मुर्गे को वे खरीदकर घर ले जा रहे थे। मृतक किशन पटेल (40), महेन्द्र पटेल (35), सागर पटेल (17), राजेन्द्र पटेल (36) और घायल जितेंद्र पटेल और मनोज पटेल जबलपुर जिले के भेड़ाघाट थाना क्षेत्र के चौकीताल के निवासी हैं और आपस में स्वजन हैं। वे कार से गोटेगांव स्थित दादा दरबार में गए थे। दर्शन करने के बाद सभी घर लौट रहे थे। पुलिस घटना का कारण पता करने के लिए जांच कर रही है।

## आईपीएल क्रिकेट सट्टा खिलाते 3 गिरफ्तार, 33 हजार रुपए, 8 मोबाइल फोन, लैपटॉप जब्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में आइपीएल क्रिकेट सट्टा खिला रहे तीन युवकों को पुलिस ने कटंगी-पाटन बायपास रोड पर हुकुमचंद पटेल के घर से पकड़ा है. पुलिस ने तीनों आरोपियों के कब्जे से 33 हजार रुपए, 8 मोबाइल फोन, लैपटॉप जब्त किया है. गौरतलब है कि शहर में इन दिनों जगह-जगह आईपीएल क्रिकेट का सट्टा जोरों से चल रहा है. जिसका नेटवर्क नागपुर, मुम्बई व दुबई तक फैला हुआ है.

इस संबंध में क्राइम ब्रांच टीआई शैलेष मिश्रा का कहना है कि कटंगी-पाटन बाईपास पर कटंगी जाने वाली लिंक रोड से लगे हुकुमचंद पटेल के निवास स्थान पर 3 युवक कमरे के अंदर मोबाईल एवं लैपटाप पर मैच



का स्कोर एवं शुभ लाभ एप्लीकेशन पर ग्राहकों का हिसाब किताब रखकर यूपीआई एवं अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण के जरिये अवैध लाभ अर्जित कर रहे है. पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर हुकुमचंद पटेल के निवास स्थान पर दबिश दी. पुलिस को देखते ही क्रिकेट सट्टा खिला रहे युवकों में अफरातफरी मच गई.

पुलिस ने मौके से निखिल उर्फ निक्की जैन उम्र 29 वर्ष, राकेश जैन उम्र 56 वर्ष निवासी तिलक भूमि तलैया बड़ा फुहारा कोतवाली व आनंद जैन उम्र 49 वर्ष निवासी सराफा दरहाई कोतवाली को पकड़ा है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लैपटाप जिस पर शुभ लाभ सट्टा एप्लीकेशन चल रहा था, हिसाब किताब की कापी, वीवो कम्पनी का 1 मोबाइल, 1 रीयल मी कम्पनी का मोबाईल, 4 कीपैड मोबाईल, 1 इंटेल कम्पनी का मोबाईल , वन प्लस कम्पनी का 1 मोबाईल , कैलकुलेटर, चार्जर, एक्सटेंशन बाक्स तथा नगद 33 हजार 500 रुपए जब्त किए. पुलिस क ो मोबाइल फोन चेक करने पर राकेश जैन द्वारा मोबाईल नम्बर गलत नाम से उपयोग करना पाये जाने पर अपराध थाने में तीनों सटोरियों के विरूद्ध धारा 4, 4(क) सट्टा एक्ट तथा 66(सी) आईटी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई.

**फोन रिचार्ज कराने के बहाने देख लेता था ट्रांजेक्शन पिन; फिर मोबाइल चुरा पैसे करता था ट्रांसफर**

## सीआरपीएफ की वर्दी पहनकर सेना के जवानों से ठगी

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर जीआरपी पुलिस ने एक शातिर को गिरफ्तार किया है, जो सीआरपीएफ की वर्दी पहनकर सेना के जवानों को ठगता था। ये ठग ट्रेन में चढ़कर जवानों के बगल में बैठ जाता था। फिर उनसे दोस्ती करके मोबाइल पर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन का पिन देख लेता था।




## सट्टा लिखते सटोरिया रंगे हाथ पकडा गया, नगद 4 हजार 940 रुपये जप्त

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** थाना प्रभारी हनुमानताल श्री धीरज राज ने बताया कि दिनांक 9-4-25 को क्राईम ब्रांच के विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि सेवक किराना दुकान के पीछे एक व्यक्ति सट्टा व्यक्ति लिख रहा है सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाना हनुमानताल की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई सेवक किराना दुकान के पास लोगों की भीड़ लगी हुयी थी जहां मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति सट्टा पट्टी लिखते दिखा, जो पुलिस को देखकर भीड़ भाग गयी घेराबंदी कर सट्टा लिखने वाले को पकड़ा जिसने पूछने पर अपना नाम सुरेश गुप्ता उम्र 54 वर्ष निवासी सेवक किराना दुकान के पीछे मरघटाई रोड सरकारी कुआ हनुमानताल बताया, जिसके कब्जे से सट्टा पट्टी एवं 4 हजार 940 रूपये जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 4(क) सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय भूमिका- सटोरिये को पकड़ने में अपराध थाना प्रभारी श्री शैलेष मिश्रा के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक कैलाश मिश्रा, प्रधान संजय मिश्रा, आरक्षक प्रदीप तेकाम, रंजीत यादव, प्रमोद सोनी तथा थाना हनुमानताल के प्रधान आरक्षक वेदप्रकाश की सराहनीय भूमिका रही।

**शराब पीने के लिये रूपये की मांग कर मारपीट करने वाले आरोपी की तलाश**

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** थाना रांझी में सुमित गोंड़ उम्र 17 वर्ष निवासी कांचीपुरम व्हीकल मड़ई ने रिपोर्ट दर्ज कि दिनांक 9-3-25 को शाम लगभग 3-30 बजे वह सिद्धी विनायक कालोनी ग्राउण्ड के पास खड़ा था वहां पर रोहित यादव आकर उससे शराब पीने के लिये रूपयों की मांग करने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो गाली गलौज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगा तथा पहने हुये कड़ा से हाथ में चोट पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 115(2), 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## मंदिर से लौट रही महिला से मारपीट करने के मामले में साहू समाज ने सीएसपी को दिया ज्ञापन



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** रांझी संभाग के सीएसपी सतीश कुमार साहू के पास साहू समाज ने बड़ी संख्या में एकजुट होकर प्रभात स्कूल जैन आटा चक्की के पास मंदिर से लौट रही तुलसा बाई साहू के साथ दिनदहाड़े मारपीट की घटना के विरोध में बड़ी संख्या में एक जुट होकर ज्ञापन देते हुए दोषी दंपत्ति के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है. साहू समाज ने ज्ञापन देते हुए मांग रखी है कि जिस प्रकार से एक 66 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ आदित्य जैन और पत्नी वंदना जैन ने मिलकर बीच सड़क पर घसीटते हुए बुरी तरीके से मारपीट की है जो की घटना पास में ही लगे पूरे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई थी. इसके बाद थाना रांझी पुलिस के द्वारा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई न करते हुए काउंटर मामला कायम कर दिया गया था, जिसके चलते दोषी दंपति दोनों खुलेआम घूम रहे जिससे आक्रोशित साहू समाज ने आज बुधवार को बड़ी संख्या में एकजुट होकर ज्ञापन देते हुए दोषी दंपति के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है. राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त रवि करण साहू, रामेश्वर साहू जनपद साहू, एमआईसी सदस्य पार्षद रजनी कैलाश साहू, पार्षद रजनी सुरेंद्र साहू, वीरेंद्र साहू, सुरेश साहू, दीपक साहू, विनोद साहू, रामकृपाल साहू आदि सामाजिक जन मौजूद रहे.

## अकाल मृत्यु

**जबलपुर** थाना माढ़ोताल में कठौंदा कचरा प्लांट के पीछे नाले किनारे एक अज्ञात पुरूष का शव पड़े होने की सूचना पर पहुँची पुलिस को ग्राम कोटवार श्याम मनोहर दहायत उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम कठौंदा ने बताया कि एक अज्ञात युवक उम्र लगभग 25-30 वर्ष का शव कठौंदा कचरा प्लांट के पीछे नाला किनारे औंधे मुंह पड़ा है बदन में सफेद कलर की सेंडो बनियान, अंडरवियर लोवर पहने है गले में लाल कलर का कपड़ा लिपटा है सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर

## सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना गोरा बाजार में अमन यंदे उम्र 33 वर्ष निवासी अंजनी अभिनंदन प्रगति नगर फेस 2 तिलहरी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह ट्यूशन टीचर है। उसकी मौसी उर्मिला धवन मॉडल टाउन बिलहरी में अपनी बेटी के साथ रहती है। दिनॉक 2-4-25 को मौसी अपनी बडी बेटी के पुत्र के जन्मदिन में शामिल होने लखनउ गयी है। जो अपने घर में काम करने वाली मुनिया पासी को बता कर गयी थी। आज मौसी ने उसे फोन कर बतायी कि मुनिया ने बताया है कि मुख्य द्वार पर ताला लगा कर गयी थी आज सुबह लगभग 8 बजे आयी तो देखी की ताला टूटा हुआ था मकान में चोरी हो गयी है। सूचना पाकर मौसी के घर पहुंचा तो देखा कि नीचे के रूम में सामान फैला था उपर के कमरे में रखे जेवर गायब थे कोई अज्ञात चोर सूने मकान का ताला तोडकर जेवर चोरी कर ले गया है।

## तीस अप्रैल तक सुबह की पाली में लगेंगे जिले के सभी स्कूल

**बढ़ते तापमान के मद्देनजर कलेक्टर ने आदेश जारी कर समय में किया परिवर्तन**

जबलपुर-कलेक्टर दीपक सक्सेना ने तापमान में लगातार हो रही वृद्धि और इसका विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना को देखते हुये आज एक आदेश जारी कर जिले में स्थित सभी विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि तापमान में वृद्धि के मद्देनजर जिले में



स्थित सभी शासकीयए अशासकीयए सीबीएसईए आईसीएसई और नवोदय विद्यालय अब सुबह 7 बजे से दोपहर एक बजे तक लगेंगे। विद्यालयों के समय में परिवर्तन करने जारी किया गया यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और 30 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा। आदेश के मुताबिक परीक्षाएं एवं मूल्यांकन कार्य निर्धारित समय अनुसार ही होंगे।

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999